डाक पंजीयन नं. AD -326/2021-2023

website:www.aadhuniksamachar.com

E-mail:-adhuniksamachar2014@gmail.com

TM

आधुनिक भारत का आधुनिक नजरिया

# आधुनिक समाचार

आधुनिक समाचार

प्रयागराज से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

Download From Google Play Adhunik Samachar

वर्ष -09 अंक -272, पृष्ठ- 8, (प्रयागराज ,गुरुवार, 11,जनवरी, 2024), मूल्य : 2.00 रूपये

## संक्षिप्त समाचार

### नरेश गोयल को कोर्ट ने दी बीमार पत्नी से मिलने की अनुमति, 13 जनवरी को घर पर होगी मुलाकात

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**मुंबई।** मुंबई की एक विशेष अदालत ने केनरा बैंक के साथ 538 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी के मामले में आरोपित जेट एयरवेज के संस्थापक नरेश गोयल को मानवीय



आधार पर 13 जनवरी को बीमार पतनी से मुलाकात करने की अनुमति दे दी है। उन्हें विभिनन बीमारियों को लेकर निजी डाक्टरों से भी संपर्क करने की अनुमति दे दी गई है। मुंबई की एक विशेष अदालत ने केनरा बैंक के साथ 538 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी के मामले में आरोपित जेट एयरवेज के संस्थापक नरेश गोयल को मानवीय आधार पर 13 जनवरी को बीमार पतनी से मुलाकात करने की अनुमति दे दी है। उन्हें विभिनन बीमारियों को लेकर निजी डाक्टरों से संपर्क करने की अनुमति दी गई है। गोयल ने अदालत से कहा था वो जीने की आस खो चुके हैं। इस आदेश से कुछ दिन पहले गोयल ने अदालत से कहा था कि वह जिंदगी की आस खो चुके हैं। ऐसे में जीने से अच्छा होगा कि वह जेल में ही मर जाएं। गोयल ने कहा था कि उन्हें अपनी पतनी अनीता की कमी बहुत खलती है जो कैंसर से पीडि़त हैं। विशेष न्यायाधीश एमजी देशपांडे ने मंगलवार को गोयल को 13 जनवरी को अपने निवास पर अपनी पतनी से मिलने की अनुमति दे दी। न्यायाधीश देशपांडे ने उन्हें 10-12 जनवरी के दौरान अपने विभिनन रोगों को लेकर निजी चिकित्सकों से संपर्क करने की भी अनुमति दे दी।

## पहली बार यूनेस्को की विश्व धरोहर समिति की मेजबानी करेगा भारत, इस साल 21 से 31 जुलाई तक दिल्ली में होगी बैठक

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** जी20 की अध्यक्षता के बाद वैश्विक मंच सम्मेलन की



मेजबानी करने के लिए देश तैयार है। इस साल यूनेस्को की विश्व धरोहर समिति की अध्यक्षता और मेजबानी करने के लिए तैयार है। देश पहली बार 21 से लेकर 31 जुलाई तक यूनेस्को की विश्व धरोहर की मेजबानी करने वाला है देश पहली बार 21 से लेकर 31 जुलाई तक यूनेस्को की विश्व धरोहर की मेजबानी करने वाला है। विश्व धरोहर समिति हर वर्ष एक बार विश्व धरोहर सम्मेलन का आयोजन करती है। समिति के 46वें सत्र के लिए भारत को मेजबानी के लिए चुना गया है। किसी देश के स्थल या संपत्ति को विश्व धरोहर की लिस्ट में शामिल किया जाएगा या नहीं इसका फैसला समिति करती है। यूनेस्को में भारत के स्थायी प्रतिनिधि विशाल वी वर्मा ने यह जानकारी दी है। विश्व धरोहर समिति हर वर्ष एक बार विश्व धरोहर सम्मेलन का आयोजन करती है। समिति के 46वें सत्र के लिए भारत को मेजबानी के लिए चुना गया है। बता दें कि किसी देश के स्थल या संपत्ति को विश्व धरोहर की लिस्ट में शामिल किया जाएगा या नहीं इसका फैसला समिति करती है।

## तेंदुए का शिकार बनी तीन वर्षीय बच्ची का शव हवाई मार्ग से पहुंचेगा झारखंड, मदद को आगे आए सांसद ए.राजा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

चेनन्ई। द्रमुक नेता और नीलगिरी से सांसद ए.राजा ने गत छह जनवरी



को पंडालुर में तेंदुए के हमले में मृत तीन वर्षीय बालिका नैंसी के शव और उसके माता-पिता को झारखंड ले जाने के लिए फ्लाइट टिकट की व्यवस्था कर दी है। सड़क मार्ग से झारखंड पहुंचने में तीन दिन से अधिक समय लगने के मद्देनजर सांसद ने मदद की। नेता और नीलगिरी से सांसद ए.राजा ने गत छह जनवरी को पंडालुर में तेंदुए के हमले में मृत तीन वर्षीय बालिका नैंसी के शव और उसके माता-पिता को झारखंड ले जाने के लिए फ्लाइट टिकट की व्यवस्था कर दी है। सड़क मार्ग से झारखंड पहुंचने में तीन दिन से अधिक समय लगने के मद्देनजर सांसद ने मदद की। नीलगिरी जिला प्रशासन ने बताया कि बालिका के शव को उधगमंडलम मेडिकल कालेज और हास्पिटल से पहले कोयंबटूर ले जाया जाएगा। यहां से हवाई मार्ग से शव को पहले चेनन्ई और फिर रांची ले जाया जाएगा। बालिका को मारने वाले तेंदुए ने हमला कर पहले एक व्यक्ति की जान ले ली थी और तीन लोगों को घायल कर दिया था। गत सात जनवरी को तेंदुए को बेहोश कर पकड़ लिया गया था।

## प्राण प्रतिष्ठा समारोह को देशभर के सभी गांवों में लाईव दिखाया जाएगा, केंद्रीय मंत्री जी किशन रेड्डी का एलान

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**हैदराबाद।** अयोध्या में राम मंदिर के भव्य 'प्राण प्रतिष्ठा' समारोह से पहले केंद्रीय मंत्री और तेलंगाना भाजपा अध्यक्ष जी किशन रेड्डी ने कहा कि देशभर में कोई भी बड़ा गांव नहीं बचेगा, जहां प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लाइव नहीं देखा जाएगा। रेड्डी ने 22 जनवरी के आयोजन को भारत की आजादी के बाद से हिंदुओं के लिए सबसे भव्य आयोजन भी बताया अयोध्या में राम मंदिर के भव्य प्राण प्रतिष्ठा समारोह से पहले केंद्रीय मंत्री और तेलंगाना भाजपा अध्यक्ष जी किशन रेड्डी ने कहा कि देशभर में कोई भी बड़ा गांव नहीं बचेगा जहां प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लाइव नहीं देखा जाएगा। रेड्डी ने 22 जनवरी के आयोजन को भारत की आजादी के बाद से हिंदुओं के लिए सबसे भव्य आयोजन भी बताया। रेड्डी ने सोमवार को एएनआई से बात करते हुए कहा, ठन केवल हिंदू बल्कि दुनियाभर में रहने वाले लोग राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का इंतजार कर रहे हैं और बहुत खुश भी हैं। पूरे देश में कोई भी बड़ा गांव नहीं बचेगा, जहां लोग प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लाइव नहीं देख पाएंगे। कार्यक्रम टाइम स्क्वायर पर भी लाइव दिखाया जाएगा।भाजपा नेता ने कहा, ठबहुत सारी स्वैच्छिक गतिविधियां की जाएंगी; लोग भोजन वितरित करेंगे;



स्वच्छता अभियान आयोजित किए जाएंगे। जीवन के विभिनन क्षेत्रों के लोग भगवान राम की 'सेवा' में भाग लेना चाहते हैं। तेलुगु फिल्म 'हनुमान' के निर्माताओं ने घोषणा की है कि वे लोग बेचे गए प्रत्येक टिकट से 5 रुपये दान करेंगे। रेड्डी ने आगे कहा कि आजादी के बाद हिंदुओं के लिए इतना भव्य आयोजन पहली बार हो रहा है। इस बीच, श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के सचिव चंपत राय ने सोमवार को देश के लोगों से मकर संक्रांति से 'प्राण प्रतिष्ठा' दिवस तक मंदिरों में स्वच्छता आंदोलन चलाने की अपील की। मकर संक्रांति एक हिंदू त्योहार है जो आमतौर पर सालाना 15 जनवरी को पड़ता है। 'एक्स' पर पोस्ट किए गए एक वीडियो संदेश में राय ने कहा, ठजैसा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चाहा है, मैं सभी भारतीयों, राम भक्तों और हिंदू समुदाय के लोगों से मकर संक्रांति से लेकर प्राण प्रतिष्ठा समारोह तक मंदिरों में स्वच्छता आंदोलन चलाने की अपील करता हूं। स्वच्छता भगवान को प्रिय है। मैं मंदिर के अधिकारियों से भी अपील करता हूं कि वे 22 जनवरी को सुबह 10 बजे संबंधित मंदिरों में स्थानीय लोगों को इकट्ठा करें, भजन करें और प्राण प्रतिष्ठा दिवस मनाएं। उन्होंने कहा, ठमंदिर प्राधिकारियों से अनुरोध है कि वे एलईडी टेलीविजन पर प्राण प्रतिष्ठा समारोह का सीधा प्रसारण करें और इसे स्थानीय लोगों को दिखाएं। दोपहर 12:20 बजे प्राण प्रतिष्ठा के बाद एक 'आरती' की जाएगी। इसलिए, मंदिर प्राधिकारियों से अनुरोध है कि वे ऐसा करें उनके मंदिरों में 'आरती' की जानी चाहिए। सभी मंदिरों को इसके बारे में जागरूक किया जाना चाहिए। इसके बाद लोगों को प्रसाद वितरित किया जाना चाहिए। आप इसे अपनी आर्थिक क्षमता और उपलब्धता के आधार पर कर सकते हैं।

## कॉलेजियम पर सुनवाई को खंडपीठ बनानी होगी', सुप्रीम कोर्ट ने कहा- अगर हम समस्या की अनदेखी करेंगे तो इसका समाधान नहीं होगा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि सर्वोच्च अदालत और हाईकोर्टों में जजों की नियुक्ति करने वाली कॉलेजियम प्रणाली के खिलाफ याचिका की सुनवाई करने के लिए एक खंडपीठ का गठन करना होगा। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि सर्वोच्च अदालत और हाईकोर्टों में जजों की नियुक्ति करने वाली कॉलेजियम प्रणाली के खिलाफ याचिका की सुनवाई करने के लिए एक खंडपीठ का गठन करना होगा। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली खंडपीठ को अधिवक्ता मैथ्यूज जे नेदुमपारा ने बताया कि एक पुरानी याचिका की जल्दी सुनवाई करनी होगी। हमें मानना ही होगा कि प्रणाली में कोई तो दिक्कत है। प्रधान न्यायाधीश



डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली खंडपीठ को अधिवक्ता मैथ्यूज जे नेदुमपारा ने बताया कि एक पुरानी याचिका की जल्दी सुनवाई करनी होगी। इसके लिए नेदुमपारा ने विगत 25 दिसंबर को सेवानिवृत्त हुए सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जज संजय किशन कौल के एक इंटरव्यू का हवाला दिया। 29 दिसंबर को दिए इंटरव्यू में पूर्व जस्टिस कौल ने कहा था कि नेशनल ज्यूडीशियल एप्वाइंटमेंट्स कमीशन (एनजेएसी) को कभी काम करने का मौका ही नहीं दिया गया। नरेंद्र मोदी सरकार के 2014 में सत्ता में आने के बाद एनजेएसी अधिनियम को लागू किया गया था। जबकि अक्टूबर, 2015 में सुप्रीम कोर्ट ने एनजेएसी अधिनियम को असंवैधानिक करार दिया था। जस्टिस (सेवानिवृत्त) कौल एक साल तक सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम के सदस्य रहे थे। उन्होंने कहा कि अगर लोग कहें कि कॉलेजियम सही तरह से चलता है तो यह अस्वाभाविक लगेगा क्योंकि इसमें तथ्य नहीं है। यह बात बड़ी तादात में लंबित नियुक्तियों से पता चलती है। आज तक भी जिन लोगों को चुना गया उनमें कई लोगों के नाम लंबित हैं।

## अनिश्चितकालीन हड़ताल पर तमिलनाडु में परिवहन निगम, सरकार के सामने रखीं ये मांगें

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**चेंगलपट्टू (तमिलनाडु )।** 15वें वेतन संशोधन की मांग को लेकर तमिलनाडु राज्य परिवहन निगम (ऊन्एऊण) ने राज्य भर में अनिश्चितकालीन हड़ताल की है। तमिलनाडु परिवहन संघ मंगलवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं। हालांकि, राज्य में विभिनन परिवहन कर्मचारी संघों की अनिश्चितकालीन हड़ताल का मेट्रोपॉलिटन ट्रांसपोर्ट कॉरपोरेशन (एमटीसी) सहित कई बसों के संचालन पर कोई असर नहीं पड़ा है। तमिलनाडु राज्य परिवहन निगम ने वेतन बढ़ाने के लिए 15वें वेतन संशोधन समझौते पर हस्ताक्षर करने बस चालक और कंडक्टर पदों में रिक्तियों को भरने और सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लिए महंगाई भत्ते (डीए) जारी करने की मांग को लेकर राज्य भर में अनिश्चितकालीन हड़ताल की है। परिवहन विभाग ने कहा कि आठ परिवहन निगमों ने मंगलवार की सुबह 9452 बसों के सामान्य बस संचालन के मुकाबले 8787 बसें संचालित कीं।



## महुआ मोइत्रा को सरकारी बंगला खाली नहीं करने पर कारण बताओ नोटिस, डीओई ने तीन दिन के भीतर मांगा जवाब

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** तृणमूल कांग्रेस की पूर्व सांसद महुआ मोइत्रा को सरकारी बंगला नहीं खाली करने पर सोमवार को संपदा निदेशालय (डीओई) ने कारण बताओं नोटिस जारी किया। पिछले साल आठ दिसंबर को लोकसभा से निष्कासित तृणमूल कांग्रेस नेता को इससे पहले सात जनवरी तक आवास खाली करने को कहा गया था। डीओई ने अब उनसे तीन दिनों के भीतर नोटिस का जवाब देने को कहा है। महुआ से जवाब मांगा गया है कि उन्होंने अभी तक अपना सरकारी बंगला खाली क्यों नहीं किया है। दिल्ली हाई कोर्ट ने चार जनवरी को तृणमूल नेता को उन्हें आवंटित सरकारी आवास में बने





रहने के लिए डीओई से संपर्क करने को कहा था। लोकसभा से निष्कासन के बाद आवंटन रद्द होने के कारण सात जनवरी तक सरकारी बंगला खाली करने के निर्देश को तृणमूल नेता ने चुनौती दी थी। इस पर सुनवाई करते हुए जस्टिस सुब्रमण्यन प्रसाद ने कहा कि नियमों के अनुसार, विशेष परिस्थितियों में अधिकारी शुल्क का भुगतान कर व्यक्ति को छह महीने तक रहने की अनुमति दे सकते हैं। अदालत ने मोइत्रा को अपनी याचिका वापस लेने की अनुमति दी और कहा कि उसने मामले के गुण-दोष पर कोई टिप्पणी नहीं की है। इसमें कहा गया कि संपदा निदेशालय अपने विवेक से इस मामले में फैसला करेगा। पीठ ने कहा कि कानून के तहत बंगले से बाहर करने से पहले किसी निवासी को नोटिस जारी करना अनिवार्य है और सरकार को कानून के अनुसार याचिकाकर्ता को बेदखल करने के लिए कदम उठाने होंगे।

## मालदीव दे रहा सफाई पर सफाई, दो पूर्व राष्ट्रपतियों ने मुइज्जू सरकार को आड़े हाथों लिया

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** पीएम नरेन्द्र मोदी के लक्षद्वीप में प्रवास के दौरान जारी तस्वीरों को लेकर मालदीव के कुछ मंत्रियों की तरफ से की गई आपत्तिजनक टिप्पणियों के बाद अब मालदीव सफाई पर सफाई देने में जुटा है। सोमवार को जहां भारतीय विदेश मंत्रालय ने नई दिल्ली स्थित मालदीव के उच्चायुक्त को तलब कर इस पूरे प्रकरण पर अपनी नाराजगी से अवगत कराया। पीएम नरेन्द्र मोदी के लक्षद्वीप में प्रवास के दौरान जारी




तस्वीरों को लेकर मालदीव के कुछ मंत्रियों की तरफ से की गई आपत्तिजनक टिप्पणियों के बाद अब मालदीव सफाई पर सफाई देने में जुटा है। सोमवार को जहां भारतीय विदेश मंत्रालय ने नई दिल्ली स्थित मालदीव के उच्चायुक्त को तलब कर इस पूरे प्रकरण पर अपनी नाराजगी से अवगत कराया। साथ ही राजधानी माले में तैनात भारतीय उच्चायुक्त मुनु महावर ने वहां के विदेश मंत्रालय के अधिकारियों से मुलाकात की और इस पूरे प्रकरण पर भारत के रुख को साफ तरीके से रखा।

NAINI INDUSTRIAL TRAINING CENTRE

(Govt. Affiliated, Star Graded, Record Holder, ISO Certified Training Centre)

सर्टिफिकेट इन फायर एण्ड सेफ्टी

फायर सेफ्टी पर जिसकी कमाण्ड, उसकी ही है ग्लोबल डिमाण्ड

फायर सेफ्टी मैनेजमेन्ट कोर्स के बाद सेफ्टी सुपरवाइजर, फायर प्रोटेक्शन इंजीनियर, सिस्टम सिक्योरिटी एडमिनिस्ट्रेटर आदि विभिन्न पदों पर नियुक्ति मिल जाती है। रिलीफ एजेन्सी N.G.O., डिफेन्स सर्विसेज फायर सर्विस आर्डिनेन्स फैक्ट्री, महानगर पालिका, नगर निगम, एयरपोर्ट, पावर प्लांट, स्टील प्लान्ट, माइनिंग इन्डस्ट्रीज, पेट्रोलियम कम्पनी, फूड इण्डस्ट्रीज, रिफाइनरीज, टेक्सटाइल मिल, टावर कम्पनी, इलेक्ट्रानिक कम्पनी, कोयले की खदानों एवं जहाजों आदि क्षेत्रों में फायर सेफ्टी मैनेजमेन्ट के जानकारों को बहुत अधिक मौका मिलता है

नोटः फायर सेफ्टी कोर्स करें और देश -विदेश, सरकारी और प्राइवेट क्षेत्रों में अच्छे पैकेज के साथ नौकरी पायें।




महानिदेशक
अग्निशमन सुरक्षा एवं आपात सेवा
उत्तर प्रदेश


Visit us at www.nainiiti.com Call: 9415608710, 7459860480

# सेवा के साथ मस्ती भी जरूरी- लायन रागिनी

**आधुनिक समाचार**
**प्रयागराजी** ।लायंस क्लब प्रयागराज गौरव द्वारा नए वर्ष का उत्सव मनाया गया साथ ही रीजन एवं जोन चेयरपर्सन की आधिकारिक यात्रा भी संपनन्‍ हुई। मुख्य अतिथि रीजन चेयरपर्सन लायन रागिनी चंदेल ने कहा हम सेवा तो करते ही है साथ ही साथ क्लब सदस्यों के साथ पारिवारिक माहौल में उत्सव भी मनाते रहना चाहिए। विशिष्ट









अतिथि जोन चेयरपर्सन लायन अशोक मित्तल ने क्लब गतिविधियों को देखा और लायंस स्पोट्र्स जो कि 14 जनवरी को अग्रसेन कॉलेज में आयोजित है उसकी सारी जानकारी दी। अध्यक्ष लायन नागेन्द्र सिंह ने सभी सदस्यों को नव वर्ष की बधाई देते हुए अब तक के किए गए सेवा कार्यों के लिए आभार व्यक्त किया साथ ही सभी पूर्व अध्यक्ष का सम्मान श्री राममंदिर का मॉडल देकर किया। सचिव लायन डॉ आशीष त्रिपाठी ने क्लब की गतिविधियों की जानकारी सभी को दी। कार्यक्रम का संचालन लायन डॉ संजय तिवारी ने किया। कोषाध्यक्ष लायन शीतला प्रसाद जी ने अपनी ओर से विशेष पुरस्कार प्रदान किए। लायन डॉ वी के मिश्रा ने क्लब में नए सदस्य भावना, बिंदिया और रेनु राज जी को सदस्यता दिलाई। लायन डॉ आर के सिंह ने सभी सदस्यों को पिकनिक पार्टी के लिए आमंत्रित किया। लायन हिमांशु गुप्ता ने नए वर्ष के जश्न में सभी को खेल, गायन, डांस,रैम्प वॉक आदि कराया जिसमें अल्का विश्वकर्मा, डॉ संगम लाल, शैला, पुष्परेंद्र ,शिल्पी, सीमा ,डॉ शशि बाला, श्याम जी, सिब्ते रिजवी, डॉ सत्यम आदि लोगों ने पुरस्कार प्राप्त किया।

# 20 लाख रुपए तक मादक पदार्थ गाजा हुआ बरामद

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र ।मादक पदार्थों के अंर्तराज्जीय गिरोह का पर्दाफास करते हुए 01 अंतरराज्जीय तस्कर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से भारी मात्रा में मादक पदार्थ गांजा का वजन करीब 245.600 कि0ग्रा0(02 कुंतल 45 किलो 600 ग्रा0) बरामद किया गया जिसकी अंतर्रराष्ट्रीय कीमत लगभग 20 लाख है।गिरफ्तारी का दिनाँक, समय व स्थान दिनाँक-09.01.2024 समय-14:45 बजे लोढ़ी टोल प्लाजा के निकट, थाना-रॉबर्ट्सगंज, जनपद- सोनभद्र, उ0प्र0** बरामदगी का विवरण-





1- बरामद अवैध गांजा वजन करीब 245.600 कि0ग्रा0(02 कुंतल 45 किलो 600 ग्रा0)
02- 01 अदद बोलेरो पिकअप (ळइ-
03- 1200/-रु0 नगद
04- 02 अदद मोबाइल फोन

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-
1- सुजीत कुमार गौतम पुत्र स्व0 सरदारी लाल, नि0 गडरा, जसरा, थाना- घूरपुर, प्रयागराज उ0प्र0

संक्षिप्त विवरण-पकड़े गए अभियुक्त सुजीत गौतम ने बताया कि वे बड़े पैमाने पर मादक पदार्थ गांजा की तस्करी का कार्य करते है जिनका एक संगठित गिरोह है। तस्करी के इस गिरोह का जाल उड़ीसा से उत्तर प्रदेश समेत देश के अनेकों प्रान्तों में फैला है। इस गिरोह के सदस्य उड़ीसा और आंध्र प्रदेश से गांजे की बड़ी खेप ले जा कर उ0प्र0 व देश के विभिनन्‍ प्रान्तों में पहुचाते है। इस गिरोह का सरगना व सुजीत गौतम का पार्टनर शारदा केसरवानी है जो प्रयागराज के करछना में रहता है और गांजे की खेप उड़ीसा से मंगवाने के लिए उड़ीसा के बड़े तस्करों के संपर्क में रहता है और जब गांजा डिलीवरी की डील पक्की हो जाती है तो वह सुजीत को गांजा लाने के लिए उड़ीसा के विभिनन्‍ स्थानों पर भेजता है। आज भी गांजे की एक बड़ी खेप लेकर सुजीत गौतम उड़ीसा से प्रयागराज उ0प्र0 में शारदा केसरवानी को देने के लिए आ रहा था कि एसटीएफ टीम द्वारा रॉबर्ट्सगंज के निकट पकडा गया।

# द्वारिकापीठ के संत क्यों दे रहे महाकुंभ के बहिष्कार की चेतावनी, जानें पूरा मामला

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज ।** द्वारका शारदा पीठ के संतों का धैर्य जवाब देने लगा है। मेला प्रशासन के अधिकारियों पर पीठ की उपेक्षा का आरोप लगाते हुए कहा कि वे 12 जनवरी तक प्रतीक्षा करेंगे, तब तक प्रशासन उचित निणर्य नहीं लेता है तो शिविर नहीं लगाएंगे।द्वारका पीठ के शिविर प्रभारी व श्रीमनकामेश्वर महादेव मंदिर के महंत श्रीधरानंद ब्रह्मचारी का कहना है कि अक्टूबर माह में प्रशासन को पत्र देकर अतिरिक्त जमीन मांगी गई थी उस समय



उचित निणर्य लेने का भरोसा मिला था। अब अधिकारी आनाकानी कर रहे हैं। यह संतों-श्रद्धालुओं का अपमान है। हम 12 जनवरी तक प्रतीक्षा करेंगे तब तक उचित निणर्य न हुआ तो मेला क्षेत्र में शिविर नहीं लगाएंगे।यही नहीं, आगामी महाकुंभ का बहिष्कार करने की चेतावनी भी दी है। वहीं, अधिकारियों का कहना है कि नियमानुसार द्वारका पीठ को जमीन दी गई है। कुछ मामला फंसा है, उसे जल्द ठीक कर लेंगे।माघ मेला क्षेत्र में पहले शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती द्वारका व ज्योतिष पीठ का शिविर लगाने के लिए जमीन और सुविधा मिलती रही है। उन्हें त्रिवेणी मार्ग पर ज्योतिष पीठ के तहत शाकांभरी पीठ और बद्रिका आश्रम को 280 गुणे 200 फीट जमीन मिलती थी।वहीं, द्वारका को शारदा पीठम द्वारका और आध्यात्मिक उत्थान मंडल के लिए 80 गुणे 200 फीट जमीन मिलती थी। सितंबर 2022 में शंकराचार्य स्वरूपानंद के गोलोकवासी (निधन) होने के बाद द्वारका पीठ पर स्वामी सदानंद सरस्वती आसीन हुए।इससे इस बार द्वारका पीठ का अलग शिविर लगाने के लिए त्रिवेणी मार्ग पर 280 गुणे 200 फीट जमीन मांगी जा रही है। कटान के कारण अधिकारी एक स्थान पर जमीन बढ़ाकर देने में असमर्थता व्यक्त कर रहे हैं। इसके चलते अभी तक जमीन का आवंटन नहीं हुआ।द्वारका पीठ के शिविर प्रभारी व श्रीमनकामेश्वर महादेव मंदिर के महंत श्रीधरानंद ब्रह्मचारी का कहना है कि अक्टूबर माह में प्रशासन को पत्र देकर अतिरिक्त जमीन मांगी गई थी, उस समय उचित निणर्य लेने का भरोसा मिला था। अब अधिकारी आनाकानी कर रहे हैं।यह पीठ व उससे जुड़े संतों-श्रद्धालुओं का अपमान है। हम 12 जनवरी तक प्रतीक्षा करेंगे तब तक उचित निणर्य न हुआ तो मेला क्षेत्र में शिविर नहीं लगाएंगे।साथ ही आगामी महाकुंभ-2025 का बहिष्कार किया जाएगा। वहीं, मेलाधिकारी दयानंद प्रसाद का कहना है कि नियमानुसार द्वारका पीठ के लिए त्रिवेणी मार्ग पर जमीन उपलब्ध कराई जा रही है। दूसरी संस्थाओं को अन्य स्थान पर जमीन उपलब्ध कराई जा रही है, लेकिन पीठ के संत उचित निणर्य नहीं ले रहे हैं।

# प्रयागराज इविवि के डॉ. ताराचंद छात्रावास में वॉश आउट के लिए पहुंची फोर्स ने हटाया अवैध छात्रों का कब्जा, मचा हड़कंप

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज** ।इलाहाबाद विश्वविद्यालय के छात्रावासों में वॉश आउट सोमवार से शुरू हो गया। शुरुआत डॉ. ताराचंद छात्रावास से की गई। सुबह नौ बजे बड़ी संख्या



में फोर्स अवैध छात्रों का कब्जा हटाने के लिए हॉस्टल पर पहुंची तो अंतःवासियों में खलबली मच गई। विश्वविद्यालय प्रशासन ने पहले ही नोटिस जारी कर छात्रावासों से अवैध कब्जा हटाने की जानकारी दे दी थी। इसकी सूचना विश्वविद्यालय के कैंपस और हॉस्टलों के नोटिस बोर्ड पर भी चस्पा कर दिया गया था। विवि प्रशासन को सूचना मिली थी की बड़ी संख्या में ऐसे छात्र हॉस्टलों में कब्जा जमाए हुए हैं जो विवि के छात्र नहीं हैं या उनका कोर्स पूरा हो चुका है। ताराचंद के साथ शताब्दी ब्वॉयज और केपीयूसी में भी अभियान चलाया गया।इलाहाबाद विश्वविद्यालय के चीफ प्रॉक्टर डॉ. राकेश सिंह के अनुसार यह अभियान लगातार चार दिनों तक विश्वविद्यालय के 10 हॉस्टलों में चलाया जाएगा। नौ जनवरी को डायमंड जुबली हॉस्टल एवं एएन झा हॉस्टल, 10 जनवरी को जीएन झा हॉस्टल एवं पीसीसीबी हॉस्टल और 11 जनवरी को एसआरके हॉस्टल, सर सुंदर लाल हॉस्टल एवं हॉलैंड हॉल हॉस्टल में अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान की वीडियो रिकॉर्डिंग भी कराई जाएगी।शनिवार को चीफ प्रॉक्टर कार्यालय में हुई अधीक्षकों की बैठक में अभियान की रूपरेखा तैयार की गई थी। सभी हॉस्टलों के अधीक्षकों से वैध अंतःवासियों की लिस्ट भी मांगी गई थी, ताकि अभियान के दौरान वैध अंतःवासियों के भी प्रवेश संबंधी आवश्यक दस्तावेजों एवं फोटो का भौतिक सत्यापन किया जा सके।दरअसल, कई हॉस्टलों से शिकायत आई है कि जिन छात्रों के नाम कमरे आवंटित हैं, उनमें कोई दूसरा व्यक्ति रहता है। ऐसे ही लोगों हॉस्टलों से जारी अराजक गतिविधियों में लिप्त हैं और हॉस्टल प्रशासन के पास इनका कोई रिकॉर्ड भी उपलब्ध नहीं है। अभियान के दौरान हॉस्टलों के जिन कमरों में अवैध कब्जा है, उन कमरों पर इविवि प्रशासन अपना ताला लगा देगा। इसके बाद खाली कराए गए कमरे छात्रों को नए सिरे से आवंटित किए जाएंगे

# राष्ट्रीय अधिवेशन प्रयागराज में 18 फरवरी को सम्मान समारोह

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज** ।पीडब्लूयूएस शिक्षालय परिवार राष्ट्रीय मानवाधिकार व भ्रष्टाचार नियंत्रण ब्यूरो आगामी 18 फरवरी 2024 को अपने राष्ट्रीय अधिवेशन में देश के प्रतिष्ठित 9 मीडिया कमिर्यों को सम्मानित करेगा। उपरोक्त की जानकारी देते हुए संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष आर के पाण्डेय एडवोकेट ने बताया की वर्ष 2023 के दौरान पीडब्लूयूएस शिक्षालय तथा राष्ट्रीय मानव अधिकार व भ्रष्टाचार नियंत्रण ब्यूरो से संबंधित शत प्रतिशत समाचारों को प्रमुखता से कवरेज, प्रकाशन



और प्रसारण करने तथा मानवाधिकार संरक्षण, भ्रष्टाचारमुक्त भारत अभियान व सामाजिक सेवा कार्यों को अपने मीडिया में प्रमुख स्थान देने वाले देश के प्रतिष्ठित 9 मीडिया कमिर्यों को आगामी राष्ट्रीय अधिवेशन प्रयागराज में सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सम्मानित होने वाले 9 मीडियाकमिर्यों मे सुभाष चंद्र पाण्डेय, प्रधान संपादक, दैनिक हिंदी समाचार पत्र दि ग्राम टुडे, जौनपुर, संजय धर द्विवेदी, ब्यूरो चीफ प्रयागराज- राष्ट्रीय हिंदी दैनिक समाचार पत्र राष्ट्रीय जजमेंट व लखनऊ एक्सप्रेस, प्रयागराज, करीम खान, राष्ट्रीय हिंदी दैनिक सुनहरा संसार, राष्ट्रीय जजमेंट, गोंडा, अहमद राजा खान, शान इंडिया टाइम्स, गोंडा, वी के त्रिपाठी, सह संपादक- राष्ट्रीय हिंदी दैनिक अवध नगरी, बस्ती, अभिषेक गुप्ता, मानवाधिकार मीडिया, प्रयागराज, मान सिंह, दैनिक हिंदी श्री इंडिया न्यूज़, मड़ावरा, ललितपुर, जतिन चतुर्वेदी, कुमार, प्रतापगढ़ व हरिओम, हापुड़ सम्मिलित हैं।

# संगम नगरी का रज व जल लेकर अयोध्या पहुंचे जूना अखाड़ा के महात्मा, रामलला का दर्शन-पूजन कर किया अर्पित

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज ।** श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर संत उत्साहित हैं। मठ-मंदिरों में भजन-कीर्तन का दौर आरंभ है। इसके बीच जूना अखाड़ा के महात्मा अयोध्या पहुंच गए हैं। अखाड़ा के मुख्य संरक्षक महंत हरि गिरि के नेतृत्व में तीर्थराज



प्रयाग का रज व जल लेकर महात्मा अयोध्या गए हैं।हंत हरि गिरि ने बताया कि श्रीराम जन्मभूमि में मंदिर निर्माण अद्वितीय कार्य है। यह भारत के भाग्योदय का शुभारंभ है। हर संत सनातनी के साथ दुनियाभर के लोग प्रफुल्लित हैं। 22 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रामलला की प्राण प्रतिष्ठा करेंगे तो देशभर में उत्सव मनाया जाएगा। इसको लेकर अखाड़ा परिषद व जूना अखाड़ा ने विशेष तैयारी कर रखी है।रामलला का दर्शन-पूजन करके उसे अर्पित किया। साथ ही अयोध्या की परिक्रमा करके आमजन को उससे जुड़ने का आह्वान कर रहे हैं।महंत हरि गिरि ने बताया कि श्रीराम जन्मभूमि में मंदिर निर्माण अद्वितीय कार्य है। यह भारत के भाग्योदय का शुभारंभ है। हर संत, सनातनी के साथ दुनियाभर के लोग प्रफुल्लित हैं। 22 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रामलला की प्राण प्रतिष्ठा करेंगे तो देशभर में उत्सव मनाया जाएगा। इसको लेकर अखाड़ा परिषद व जूना अखाड़ा ने विशेष तैयारी कर रखी है। हर मठ-मंदिरों को दीपों से सजाकरण जागरण किया जाएगा।अखाड़ा के सभापति श्रीमहंत प्रेम गिरि ने कहा कि श्रीराम मंदिर के रूप में राष्ट्र मंदिर का निर्माण हो रहा है। यह मंदिर सामाजिक समरता का केंद्र बनेगा। श्रीमहंत नारायण गिरि ने कहा कि रामलला की प्राण प्रतिष्ठा तक अखाड़े के आश्रम में अनवरत अनुष्ठान जारी रहेगा।


NAINI INDUSTRIAL TRAINING CENTRE
(Govt. Affiliated, Star Graded, Record Holder, ISO Certified Training Centre)


★C.O.P.A.
★Fitter
★Security Service
★Electric Technician
★Electrician
★Computer Application
★Repair of Refrigerator & A.C.
★Fire Safety & Industrial Security
★Computer Teacher Training
★Computer Hardware & Maintenance
★Welding Technology
★Certificate in YOGA

Message
नन्दी गोपाल गुप्ता 'नन्दी'
मंत्री
स्टाम्प न्यायालय शुल्क, पंजीयन एवं नागरिक उड्डयन विभाग
उत्तर प्रदेश

मुझे यह जानकर अत्यन्त हर्ष हो रहा है कि आपकी संस्था "नैनी आद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र" द्वारा विगत वर्ष की भाँति इस वर्ष भी "प्रवेश विवर्जिका" नाम की पत्रिका का प्रकाशन किया जा रहा है। पत्रिका छात्र / छात्राओं में चेतना, सृजनात्मक शक्ति, बौद्धिक क्षमता एवं उनकी वैचारिक एवं मानसिक अभिव्यक्ति को प्रदर्शित करने मे अवश्य सार्थक सिद्ध होगी।

संस्था द्वारा प्रकाशित होने वाली पत्रिका " प्रवेश विवर्जिका" के सफल प्रकाशन हेतु हार्दिक शुभकामनाएं!

भवदीय
नन्द गोपाल गुप्ता 'नन्दी'



Nand Goapal Gupta
नन्द गोपाल गुप्ता 'नन्दी'
मंत्री

Visit us at www.nainiiti.com Call: 9415608710, 7459860480

# चोपन पुलिस को मिली बडी सफलता गैंगेस्टर एक्ट में वांछित अभियुक्त गैंगलीडर व गैंग का सदस्य गिरफ्तार

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र ।**श्रीमान् पुलिस अधीक्षक महोदय के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय व क्षेत्राधिकारी नगर महोदय के पर्यवेक्षण एवं कुशल नेतृत्व में वांछित अभियुक्त गण की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में थाना चोपन पर पंजीकृत मु0अ0सं0- 05/ जिला सोनभद्र उम्र करीब 36 वर्ष, 2. गैंग सदस्य सोनू पुत्र रामधनी हरिजन निवासी ग्राम पटवध थाना चोपन जिला सोनभद्र उम्र करीब 30 वर्ष को आज सुबह 09.35 बजे मुखबीर की सूचना पर अमिला मोड पटवध के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त गण को गिरफ्तार कर विधिक



2024 धारा 3(1) उ0प्र0 गिरोह बन्द एवं समाज विरोधी क्रिया कलाप (निवारण) अधिनियम 1986 में वांछित अभियुक्त गण 1. गैंग लीडर राजू पुत्र स्व0 कैलाश निवासी सलखन टोला लालगंज थाना चोपन कार्यवाही किया जा रहा है।गिरफ्तारी की टीम-निरीक्षक विश्वनाथ प्रताप सिंह प्रभारी निरीक्षक,उ0नि0 योगेन्द्र पाण्डेय ,का0 सरोज,का0 संदीप पाल शामिल रहे।

# एनटीपीसी सिंगरौली ने किया बालिका सशक्तीकरण प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सिंगरौली ।**एनटीपीसी सिंगरौली, शक्तिनगर द्वारा सीएसआर के तहत गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी शीतकालीन सत्र के तहत 08 जनवरी से 15 जनवरी-2024 तक बालिका सशक्तीकरण अभियान पुनश्चर्या कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। इस शीतकालीन बालिका सशक्तीकरण अभियान-2023-24 पुनश्चर्या कार्यशाला बैच उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया। इस सत्र के दौरान जिन बालिकाओं का जन्मदिन था, उन बालिकाओं द्वारा केक काटा गया।श्री राजीव अकोटकर, परियोजना प्रमुख ने अपने उद्बोधन में कहा कि एनटीपीसी सिंगरौली इस बालिका सशक्तीकरण अभियान के माध्यम से ग्रामीण बालिकाओं के व्यक्तित्व विकास के लिए महान कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि बालिकाओं विशेकर ग्रामीण बालिकाओं का आत्मविश्वास से भरपूर होना बहुत जरूरी है एवं उन्हे गर्व है कि एनटीपीसी सिंगरौली द्वारा जेम प्रोग्राम के तहत बालिकाओं को आत्मविश्वास एवं व्यवहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। उन्होने सुरक्षा संस्कृति पर जोर दिया और बालिकाओं को हमेशा अपनी सुरक्षा पहले सुनिश्चित करने का सुझाव दिया। इस अवसर पर शक्तिनगर पुलिस टीम द्वारा भी सुरक्षा संबंधी सभी जानकारी के बारे में अवगत कराया गया। उद्घाटन समारोह में जेम की बालिका रोशनी एवं नैना द्वारा एनटीपीसी सिंगरौली का बालिका सशक्तीकरण अभियान का धन्यवाद अर्पित किया गया। इस अवसर पर जेम बालिकाओं को प्रेरित करने हेतु जेम-2023-24 में चयनित बालिका रागिनी पर आधारित लघु फिल्म को भी दिखाया गया। इस अवसर पर एनटीपीसी सिंगरौली के श्रा एस के गुजरानिया, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण), डॉ एस के खरे, महाप्रबंधक (चिकित्सा सेवाएँ), वनिता समाज की अध्यक्षा पीयूषा अकोटकर, वनिता समाज की सदस्याएँ, श्री एल के बेहरा, महाप्रबंधक (प्रोजेक्ट, टीएस एवं एफ़जीडी), श्री अशोक कुमार सिंह, महाप्रबंधक (ऑपरेशन), श्री अमरीक



सिंह भोगल, महाप्रबंधक (मैंटेनेंस), श्रीमती नील कमल भोगल, कल्याण प्रभारी, वनिता समाज, श्री सिद्धार्थ मण्डल, विभाग प्रमुख (मानव संसाधन), वनिता समाज की अध्यक्षा एवं सदस्याएँ, एनटीपीसी के सभी वरिष्ठ अधिकारीगण, यूनियन एवं एसोसिएशन के मानद प्रतिनिधिगण, शक्तिनगर पुलिस दल, जेम कोरडीनटोर्स, जेम रिफ्रेशर कोर्स की बालिकाएँ आदि उपस्थित रहीं ।

# भाजपा सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए सफाईयों ने कशी कमर

**(आधुनिक समाचार सेवा**
**सोनभद्रि ।** मंगलवार को समाजवादी जिला पार्टी कार्यालय सोनभद्र पर समाजवादी बाबा साहब अंबेडकर वाहिनी की बैठक की गई त् बैठक की अध्यक्षता समाजवादी बाबा साहब अंबेडकर वाहिनी के जिला अध्यक्ष रमेश बागी ने किया और



संचालन राजकुमार ने किया बैठक को संबोधित करते हुए समाजवादी बाबा साहब अंबेडकर वाहिनी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुधीर भारती एवं राष्ट्रीय सचिव राजेश कुमार गौतम ने कहा कि जब से केंद्र और प्रदेश में भाजपा की सरकार बनी है तब से गरीबों मजदूरों नौजवानों महिलाओं पर अत्याचार चरम सीमा पर है भाजपा सरकार में कोई वर्ग सुरक्षित नहीं है भाजपा सरकार केवल पूजी पतियों की सरकार है इस सरकार से गरीब जनता से कोई लेना-देना नहीं है इसलिए समाजवादी पार्टी के सभी पदाधिकारी से अपील है कि आप लोग गांव-गांव जाकर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की नीतियों को बताने का काम करें और उनकी सरकार में चलाई गए जन कल्याणकारी योजनाओं को बताने का काम करें बैठक को संबोधित करते हुए रमेश बागी और राजकुमार ने कहा कि बाबा साहब हमेशा गरीबों की लड़ाई लड़ने के लिए संविधान को बनाया था उसे समाजवादी पार्टी के पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव जी ने लागू करके सबको समान अधिकार दिलाने का काम किया और सबको चुनाव लड़ने का अधिकार देने का काम किया बैठक में मुख्य रूप से अनिल प्रधान जेपी भारती विगन भारती परशुराम जवाहरलाल सात सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित थे

# भीजे त भीजे पिंजरवा, सुगनवा ना भीजे हो राम

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र ।**पूजनीय हरी राम द्विवेदी जी से हमारी मुलाक़ात 4 वर्ष पूर्व दिल्ली के एक हिंदी मैथली कवि सम्मलेन के दौरान हुई थी निःसंदेह उनके महान व्यक्तित्व से प्रभावित होना स्वाभाविक था थोड़ी देर तक वो मेरे कंधे पर हाथ रखे



आज की लेखनी और साहित्यिक सभाओं पर अपनी उन्मुक्त विचार प्रस्तुत करते रहे, और कोई संदेह नहीं पूरे सम्मलेन में उनकी रचना भीजे त भीजे पिंजरवा, सुगनवा ना भीजे हो राम छाई रही त् पिछले वर्ष हम फिर से सोनभद्र के मधुरीमा गोष्ठी के 60वें कवि सम्मलेन में मिले वही वात्सल्य वही वही प्रेम वही आशीर्वाद हमें फिर प्राप्त हुआ त् हरी राम द्वेवेदी जी के साहित्य सेवा के हम सदैव ऋणी रहेंगे उन्होंने अपनी रचनाओं को माटी से जोड़े रखा जो अद्भुद प्रभाव अपने श्रोता और पाठकों पर डालती है त् भले हमें लगता हो कि एक साहित्य पुरोधा एक हिंदी का सिपाही हम से दूर चला गया लेकिन वो सदा ही अपनी सुन्दर रचनाओं के माध्यम से हमारे बीच जीवित रहेंगे और हमारा मार्ग दर्शन करते रहेंगे ईश्वर उनको मोक्ष और शांति प्रदान करें.. हम आपको कभी भूल नहीं पाएंगे.. शत शत नमन

# एनटीपीसी सिंगरौली ,सी.एस.आर द्वारा निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर में ग्रामीण जनों को मिली नई रोशनी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सिंगरौली ।**एनटीपीसी सिंगरौली शक्तिनगर के सीएसआर, संजीवनी चिकित्सालय एवं वनिता समाज के सामंजस्य से समाज कल्याण पान की सुविधा एवं कंबल भी प्रदान किए गये । इस निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि श्री राजीव अकोटकर, परियोजना प्रमुख, श्रीमती पीयूषा लोग महंगी नेत्र सर्जरी, विशेष रूप से मोतियाबिंद और अन्य प्रमुख नेत्र संबन्धित रोगों के ऑपरेशन कराने में असमर्थ हैं, उनका निःशुल्क ईलाज करवा कर उन्हें



केअंतर्गत आसपास के सभी ग्रामीण जनों हेतु निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन 07 जनवरी से 09 जनवरी 2024 तक संजीवनी अस्पताल में किया गया किया । इस निःशुल्क नेत्र चिकित्सा जांच शिविर में 07 जनवरी को 600 ग्रामीण आम जनों का पंजीकरण किया गया । तदुपरान्त जांच के बाद विशेषज्ञ एवं डाक्टर की टीम डॉ ए.के. मिश्रा, नेत्र विशेषज्ञ, संजीवनी अस्पताल, डॉ. आर.सी. दुआ एवं डॉ. नितिन दुआ, साइट और लाइफ समिति, मिर्जापुर द्वारा कुल 312 मरीजों के नेत्र का सफल ऑपरेशन किया गया । इस नेत्र चिकित्सा शिविर में सबसे ज्यादा मोतियाबिन्द एवं काला मोतिया, नाखुना आदि का ऑपरेशन किया गया। इस शिविर में भर्ती किए गये मरीजों को निःशुल्क दवाई, निःशुल्क गुणवत्तापूर्ण पौष्टिक भोजन, निःशुल्क आवासीय सुविधा, ऑपरेशन के पश्चात निःशुल्क दवा एवं चश्मा भी प्रदान किया गया । वनिता समाज द्वारा नेत्र चिकित्सा के मरीजों को 700 लोगों को खान अकोटकर, अध्यक्षा, वनिता समाज एवं अन्य गणमान्य अतिथियों द्वारा 08 जनवरी, 2023 को संजीवनी अस्पताल में दीप प्रज्वलन के साथ किया गया । इस नेत्र चिकित्सा शिविर का उद्देश्य नेत्र पीड़ित ग्रामीण लोगों की आंखों से संबन्धित रोगों को ठीक कराना, उन्हें उचित दवाई दिलाना एवं लोगों को आँखों की देखभाल के प्रति जागरूक कराना था ।इस अवसर पर श्री राजीव अकोटकर, परियोजना प्रमुख ने एनटीपीसी सिंगरौली के सीएसआर विभाग, संजीवनी चिकित्सालय एवं वनिता समाज की टीम को आस-पास के समुदायों एवं दूर-दराज के क्षेत्रों के जरूरतमंद ग्रामीण जनों हेतु निःशुल्क नेत्र चिकित्सा एवं जांच शिविर के आयोजन के लिए बधाई दी । उन्होंने कहा की भारत में लगभग 1.2 करोड़ लोग नेत्र रोग से पीडि़त हैं, जिसमें सिर्फ मोतियाबिंद के कारण 80 लाख लोग अंधेपन के शिकार हैं । इस निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर के तहत जो भी ग्रामीण जरूरतमंद पुनः स्वस्थ और उमंग भरी जीवन जीने के लिए प्रेरित किया गया । इस अवसर पर श्री एस के गुजरानिया, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण), डॉ एस के खरे, महाप्रबंधक (चिकित्सा सेवाएँ), डॉ बी.सी. चतुर्वेदी, महाप्रबंधक (चिकित्सा सेवाएँ), एनटीपीसी विंध्याचल, वनिता समाज की अध्यक्षा पीयूषा अकोटकर, वनिता समाज की सदस्याएँ, श्री एल के बेहरा, महाप्रबंधक (प्रोजेक्ट, टीएस एवं एफ़जीडी), श्री अशोक कुमार सिंह, महाप्रबंधक (ऑपरेशन), श्री अमरीक सिंह भोगल, महाप्रबंधक (मैंटेनेंस), श्री जोसफ बास्टियन, (महाप्रबंधक ऐश डाइक प्रबंधन), श्रीमती नील कमल भोगल, कल्याण प्रभारी, वनिता समाज, श्री सिद्धार्थ मण्डल, विभाग प्रमुख (मानव संसाधन), डॉ ए.के. मिश्रा (नेत्र विशेषज्ञ, संजीवनी अस्पताल), डॉ.आर.सी.दुआ एवं डॉ.नितिन दुआ (साइट और लाइफ समिति, मिर्जापुर), संजीवनी चिकित्सालय के अन्य डॉक्टर एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# पूर्व सीमेन्ट कर्मचारी आज भी फकाकसी के हो रहे शिकार

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र ।**उत्तर प्रदेश सीमेन्ट निगम के लगभग दो हजार पूर्व सीमेन्ट कर्मचारी आज भी फकाकसी के शिकार हो रहे।उनका और उनके ऊपर आश्रित स्वजन आर्थिक तंगी के कारण परेशान हैं।जिसको लेकर सैकड़ो पुर्व सीमेन्ट निगम कर्मचारियो ने हस्ताक्षर युक्त पत्रक भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष नन्दलाल गुप्ता को सौपकर न्याय की गुहार लगाया है।पूर्व सीमेन्ट निगम कर्मी संतोष कुमार,सजावल पाठक,देवनाथ चान्द्रवंशी,रामानिवास भारती,लालता प्रसाद,केदारनाथ आदि लोगो ने उन्हें बताया कि डाला,चुर्क व चुनार में स्थित उत्तर प्रदेश राज्य सीमेन्ट निगम में पाँच हजार से अधिक कर्मचारी काम करते थे।जिसे 8 दिसम्बर 1999 को हाईकोर्ट द्वारा बंद करने का आदेश दिया गया से उन्हें छटनी सुदा कर्मचारी मानकर समायोजित करने,बैक वेजेज और पेन्सन देने का आदेश 31जनवरी 2008 को,फिर 09 सितम्बर 2015 को तथा कुछ अन्य तारिख पर दिया ।जिसके बाद शासन द्वारा उ0प्र0 सीमेन्ट निगम के छटनी सुदा एक हजार पूर्व सीमेन्ट कर्मीयो को विभिनन विभागो में समायोजित कर उन्हें सभी सुविधा प्रदान कर दी गई है।लगभग दो हजार पूर्व कर्मचारियो का मामला सन् 2016 से तथा इसके पहले से भी हाई कोर्ट इलाहाबाद में पेन्डिंग चल रहा है और इतने ही पूर्व कर्मचारी और उनके आश्रित पैसे के अभाव में वकीलो की फीस तक नहीं दे पा रहे हैं।जिसके कारण वे मुकदमा आजतक नहीं कर पाये हैं।वे आज भी सभी दया के पात्र हैं।लोगो ने कहा कि समायोजन व अन्य सुविधाओ



था।जिसे उस समय की तत्कालिन उ0प्र0सरकार व सीमेन्ट निगम प्रशासन ने 31 जुलाई 2001 को आफिशियल लिक्युडेटर को हैण्ड ओवर कर कर्मचारियो को फैक्ट्री गेट से बाहर निकाल दिया गया।छटनी सुदा कुछ सम्पनन कर्मचारियो ने हाई कोर्ट इलाहाबाद में मुकदमा कर सुप्रीम कोर्ट तक गये,जहाँ से वंचित छुटे हुए पूर्व सभी सीमेन्ट निगम के कर्मचारियो की समस्याओ का समाधान सरकार करें,ताकि उन सबका जीवन परेशानियो से उबर सके और आर्थिक तंगी से छुटकारा मिल सके।वंचित लगभग चार हजार पूर्व सीमेन्ट कर्मीयो एवं उन पर आश्रित आठ हजार से अधिक स्वजनो को राहत मिल सकेगा।

# पदाधिकारीयो को बचाने के लिए षड्यंत्र रचती है भाजपाः रामराज सिंह गोंड

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र ।** को जिला/शहर कांग्रेस कमेटी सोनभद्र के कार्यालय पर जिला/शहर कांग्रेस कमेटी के संयुक्त तत्वाधान में प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया प्रेस को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी सोनभद्र के अध्यक्ष रामराज सिंह गोंड ने कहा कि 2 नवंबर 2023 को काशी हिंदू विश्वविद्यालय के आईआईटी टॉपर छात्र के साथ भारतीय जनता पार्टी के आईटी सेल के पदाधिकारीयो द्वारा मानवता को शर्मसार करने वाली घटना को अंजाम दिया गया जिसके लिए उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पूर्व मंत्री अजय राय ने 3 दिसंबर को प्रेस के माध्यम से सीसीटीवी फुटेज के आधार पर प्रशासन को बता दिया था कि उक्त घटना में भाजपा के लोग शामिल हैं किंतु उत्तर प्रदेश सरकार ने तत्काल तत्परता दिखाते हुए राजनीतिक विद्वेष से अजय राय पर लंका थाने में मुकदमा दर्ज कर दिया और अपने पदाधिकारीयो को बचाने के लिए षड्यंत्र रचते रहे जिसमें वाराणसी के सांसद और देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के कार्यालय से भी सह मिलती रही यह सब सिर्फ उस समय हो रहे मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़, तेलंगाना के चुनाव के मद्देनजर किया गया कि इनकी पोल जनता के सामने न खुल पाए एक तरफ जहां बीजेपी बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ का नारा देती है वहीं उनके संगठन के लोग बेटियों पर अत्याचार और बलात्कार जैसी घटनायो को अंजाम देते हैं । वही एक दूसरी घटना उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के क्षेत्र गोरखपुर में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के राजनीतिक प्रतिद्वंदी श्री विनोद उपाध्याय की सुल्तानपुर में पुलिस एनकाउंटर में हत्या कर दी जाती है । उपरोक्त दोनों घटनाएं अत्यंत निंदनीय है उत्तर प्रदेश सरकार प्रदेश में सुशासन लाने में असफल रही उत्तर प्रदेश में हत्या लूट बलात्कार,महिलाओं के साथ अत्याचार की घटनाएं लगातार बढ़ रहीहै एनसीआरबी की रिपोर्ट के अनुसार यहां पर हो रही घटनाओं में 15ज्ञ् का



इजाफा हुआ है इसकी पूरी जिम्मेदारी उत्तर प्रदेश सरकार की है हम कांग्रेस पार्टी के लोग उपरोक्त घटनाओं की न्यायिक जांच की मांग करते हैं और इसी संदर्भ में कल दिनांक 10 जनवरी 2024 को जिला/शहर कांग्रेस कमेटी सोनभद्र के संयुक तत्वाधान में उत्तर प्रदेश के महामहिम राज्यपाल महोदय को जिलाधिकारी सोनभद्र के माध्यम से ज्ञापन भी देने का कार्यक्रम तय किया गया है उक्त प्रेस वार्ता में शहर कांग्रेस कमेटी सोनभद्र के अध्यक्ष राजीव कुमार त्रिपाठी उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव एवं चंदौली के प्रभारी इंजीनियर कुमार पासवान पूर्व सचिव कमलेश ओझा कार्यवाहक अध्यक्ष एवं पीसीसी सदस्य हाजी फरीद अहमद जिला कांग्रेस कमेटी के महासचिव बृजेश तिवारी शहर कांग्रेस कमेटी के विशिष्ट कुमार चौबे विमल आदि लोग उपस्थित रहे।

# शोक सभा कर दी गई भावांजलि

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभर्द्र ।**मधुरिमा साहित्य गोष्ठी के तत्वावधान में शोक सभा आयोजित कर देश के लब्ध प्रतिष्ठित साहित्यकार हरिरामदिवेदी वाराणसी को साहित्य कारों ने शब्द पुष्प अर्पित किए। अजय शेखर निदेशक मधुरिमा साहित्य गोष्ठी ने कहा कि हिंदी साहित्य की अपूरणीय क्षति न मेरी व्यक्तिगत क्षति हुई है।पैंसठ वर्षों से हमारा मधुर संबंध था एक युग का अंत लोक कवि को खोकर हम निः शब्द हैं।इस अवसर पर असुविधा संपादक रामनाथ शिवेंद्र पारसनाथ मिश्र जगदीश पंथी शहीद स्थल करारी के प्रदुम तिवारी एड राकेश शरण मिस्र अशोक तिवारी अब्दुल ह ई सुशील राही राधेश्याम पाल अरुण तिवारी कौशल्या चौहान धर्मेश चौहान हसन सोनभद्री यथार्थ विष्णु डा, लक्षण राम जंगली अनुपमा वाणी प्रभात सिंह चंदेल विकास वर्मा दयानंद दयालू दिवाकर मेघ नजर मोहम्मद नजर आदि ने नम आंखों से दो मिनट मौन रहकर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दिया।



## जल जीवन मिशन द्वारा किया जा रहा गांवों को जागरूक ।

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र** ।जल जीवन मिशन ठहर घर जलठयोजना अंतर्गत सोनभद्र में इम्पैनल्ड/सूचीबद्ध (एजेंसी मेसर्स स्वजन फाउण्डेशन लखनऊ द्वारा 07 जनवरी 2024 के जनपद के



विकास खण्ड - दुद्धी के ग्राम - डेवढ़ी, बरखोहरा, टेढ़ा,डालापिपर,दुमहान, डूमरडीहा, नगवां, मुरता, निमियाडीह, में नुक्कड़ नाटक , मेला, प्रदर्शनी, जल जांच शोशल मैपिंग , फ़िल्म प्रोजेक्टर, के माध्यम से ग्राम पंचायत स्तर पर संचालित आंगन बड़ी केंद पर पेयजल एवं स्वक्षता सम्बन्धित जागरूकता कराए जाएंगे। कार्यक्रम में ग्रामवासी को गुणवक्ता एवं मेहता के बारे में विस्तृत रूप में संस्था के अनिल कुमार एवं वरिष्ट



प्रयागराज नैनी के अगिश्मन अधिकारी श्री महंन्तू सिंह् जी को दी जरनलिस्ट वेलफेयर एसोसिएशन के तरफ से अगिन्शमन के क्षेत्र मे उत्कृष्ट कार्य करने के लिए राष्ट्रीय महासचिव डा आफत सिंह द्वारा प्रतिभा सम्मान् पत्र से सम्मानित् किया गया

## चैपाल में अपना नाम दर्ज कराकर करे आवेदन -अनुप्रिया पटेल

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**मिर्जापुर** । 08 जनवरी 2024- केन्द्र सरकार द्वारा संचालित विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के तहत आज जनपद के पटेहरा विकास खण्ड के ग्राम ककरद एवं राजगढ़ विकास खण्ड ग्राम वन इमलिया में आयोजित कार्यक्रम का शुभारम्भ मा0 केन्द्रीय राज्यमंत्री वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय भारत सरकार श्रीमती अनुप्रिया पटेल द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया। कार्यक्रम में मा0 केन्द्रीय मंत्री जी द्वारा प्रधानमंत्री आवास, दिव्यांग पेंशन, शौचालय, आयुष्मान कार्ड, उज्जवला योजना के तहत निशुल्क गैस सिलेण्डर, विधवा पेंशन एवं वृद्धा पेंशन सहित अन्य योजनाओं से अब तक किन्ही कारणो से वंचित रहे नये चयनित लाभार्थियो को प्रधानमंत्री आवास की चाभी एवं उपरोक्त योजनाओं का प्रमाण पत्र लाभार्थियों को वितरण किया गया। इस अवसर पर मा0 केन्द्रीय मंत्री जी द्वारा गर्भवती महिलाओं को गोदभराई कार्यक्रम के तहत पौष्टिक आहार का वितरण एवं छः आयु पूर्ण कर चुके बच्चों को अन्न प्रशासन भी कराया गया।मा0 केंद्रीय मंत्री ने उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि आपके लिए सुनहरा मौका है अपना नाम मोबाइल नंबर पता संबंधित स्टाल पर दर्ज कराये पात्रता की जांच करते हुए योजनाओं से लाभान्वित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि वृद्धा, विधवा, दिव्यांग पेंशन, उज्जवला योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मन निधि का पैसा खाते में नहीं जा रहा है आदि सभी समस्याओं के निस्तारण हेतु संबंधित विभागों के अधिकारी कर्मचारी स्टाल पर बैठे हैं स्टाल पर जाएं आपकी समस्या का समाधान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य परीक्षण के लिए गाड़ी आई है और स्वास्थ्य विभाग की टीम भी उपस्थित है जो भी बीमारियां हैं उनका भी निशुल्क उपचार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सारी सुविधाएं चलकर आपके द्वार आई हैं। उन्होंने कहा कि बच्चों की परवरिश को लेकर चिंता करने की कोई आवश्यकता नहीं है राज्य सरकार ने कन्या सुमंगला योजना के तहत मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, स्पांसरशिप योजना के माध्यम से अपना आवेदन काराये योजनाओं का लाभ प्रदान किया जाएगा। मा0 केंद्रीयमंत्री ने नैनो यूरिया की चर्चा करते हुए कहा कि यह तरल है इसका छिड़काव भी कर सकते हैं यह पौधों और पत्तियों के ऊपर गिरती है अधिक से अधिक पौधों का इसका लाभ मिलता है। उन्होंने कहा कि भारत सरकार ने ड्रोन भी भेजा ह। उन्होने कहा कि कम समय व कम मेहनत में बोतल बंद खाद आई है इसका उपयोग करे जिससे कि फसल की पैदावार अच्छी होगी खाद का अधिक से अधिक उपयोग पौधों के ऊपर होने से मिट्टी की सेहत भी बचेगी। उन्होंने कहा कि जो भी सुविधा सरकार प्रदान कर रही है उसका आप सभी लाभ उठाएं। इस अवसर पर प्रदेश सचिव रामवृक्ष बिंद, प्रदेश सचिव पंचायत मंच सुनील सिंह पटेल, जिला अध्यक्ष आईटी मंच हेमंत कुमार बिंद, जिला उपाध्यक्ष राजकुमार पटेल, जोन अध्यक्ष रामविलास पटेल, जोन अध्यक्ष राजेश मौर्य, मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र कोल, सत्येंद्र कोल, मुसाफिर मौर्य, जय सिंह वैसवार, मनोज कुमार पांडे, संदीप कुमार, विजय पाल, राजकुमार दुबे, जितेंद्र सिंह, रामायण मौर्य, हिंच्छ लाल मौर्य, नंदकिशोर, संतोष विश्वकर्मा, राम सकल, धर्मेंद्र मौर्य, अजीत कुमार, देवीलाल गुप्ता, राम मनी यादव, मुरली कोल, रामआज्ञा पटेल, सुनील मौर्या जितेंद्र कोल, विजय पटेल राहुल ओझा, प्रशांत शुक्ला आदि अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहें।



## फ्लोर एवं स्माल गोदाम इत्यादि की ई-लाटरी 11 जनवरी को

मीरजापुर 08 जनवरी 2024- उप निदेशक कृषि विकेश कुमार पटेल एक विज्ञप्ति के माध्यम से जानकारी देते हुये बताया है कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में कृषि यंत्रीकरण की समस्त योजनाओं के अन्तर्गत रु0 10000ध्- से अधिक अनुदान वाले समस्त कृषि यन्त्र/कृषि रक्षा उपकरण, कस्टम हायरिंग सेंटर, हाई टेक हब फार कस्टम हायरिंग, थ्रेशिंग फ्लोर एवं स्माल गोदाम इत्यादि की ई-लाटरी की प्रक्रिया जनपद में दिनांक 11.01.2024 एवं दिनांक 12.01.2024 को पूर्वाह्न 10:00 बजे से कृषि भवन सभागार, पिपराडाड़, मीरजापुर में प्रारम्भ की जायेगी। समस्त कृषक भाइयों से अनुरोध है कि जिनके द्वारा कृषि विभाग में संचालित योजनाओं के माध्यम से कृषि यन्त्र/कृषि रक्षा उपकरण, कस्टम हायरिंग सेंटर, थ्रेशिंग फ्लोर एवं स्माल गोदाम आदि की बुकिंग की गयी है तथा जिनकी बुकिंग ई-लाटरी प्रक्रिया के अन्तर्गत है। वह समस्त कृषक दिनांक 11.01.2024 एवं 12.01.2024 को पूर्वाह्न 10:00 बजे से कृषि भवन सभागार, पिपराडाड़, मीरजापुर में उपस्थित रहकर ई-लाटरी प्रक्रिया में अवश्य भाग लेने का कष्ट करें। दिनांक 11.01.2024 एवं 12.01.2024 को जिलाधिकारी की अध्यक्षता में ई-लाटरी कमेटी के सदस्यों एवं कृषक भाइयों की उपस्थिति में समस्त प्रकार के कृषि यन्त्रों, कस्टम हायरिंग सेंटर, स्माल गोदाम एवं थ्रेशिंग फ्लोर आदि यन्त्रों पर अनुदान प्राप्त करने हेतु बुक किये गये टोकन को ई-लाटरी के माध्यम से कन्फर्म किया जायेगा जिसके उपरान्त सम्बन्धित कृषक बन्धू बुक किये गये कृषि यन्त्रों को क्रय कर अनुदान प्राप्त कर सकेंगे।

## पौदल जा रही महिला को बाइक सवार ने मारा धक्का, महिला घायल

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र** । स्थानीय चोपन थाना क्षेत्र के अंतर्गत परास पानी तिराहे पर पैदल जा रही है एक महिला उसी दौरान वाराणसी शक्ति नगर राज्य मार्ग पर बाइक सवार ने महिला को धक्का मार दिया गया और महिला वहीं सड़क पर गिर



को बाइक सवार ने मारी टक्कर महिला हुई घायल आजमंगलवार दोपहर लगभग 12:30 बजे के करीब कलावती पत्नी स्व लक्ष्न धारी निवासी परास पानी किसी कार्य वश परास पानी आई थी गई इसके उपरांत स्थानीय लोगों ने घायल महिला को उठाकर अस्पताल भेजवाए दिया।जिसकी सूचना पुलिस को समाचार लिखे जाने तक नहीं दी गई थी।

## पूर्व दशम/दशमोत्तर छात्रवृत्ति/शुल्क प्रतिपूर्ति के लिये छात्र-छात्राए 10 जनवरी एवं पूर्व दशम हेतु 14 जनवरी तक करे आवेदन

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**मिर्जापुर** । 08 जनवरी 2024- मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार की अध्यक्षता में कलेकट्रेट सभागार में पूर्वदशम (कक्षा 09-10) एवं दशमोत्तर छात्रवृत्ति/शुल्क प्रतिपूर्ति योजनान्तर्गत जनपद स्तरीय अनुश्रवण समिति एवं जनपद स्तरीय अनुश्रवण समिति की बैठक आहूत की गयी। बैठक में विभाग द्वारा वित्तीय वर्ष 2023-24 में पूर्वदशम (कक्षा 09-10) एवं दशमोत्तर छात्रवृत्ति/शुल्क प्रतिपूर्ति योजनान्तर्गत जारी समय सारिणी में अपेक्षित कार्यवाही के बारे में विस्तार से अवगत कराया गया। साथ ही छात्र/छात्राओं द्वारा आनलाइन भरे गये आवेदन पत्रों एवं संस्था स्तर से फारवर्ड आवेदन-पत्रों की समीक्षा की गयी एवं पूर्वदशम (कक्षा 09-10) एवं दशमोत्तर छात्रवृत्ति शुल्क प्रतिपूर्ति योजना नियमावली के महत्वूपर्ण बिन्दुओं के बारे में विस्तार से अवगत कराया गया। बैठक में जिला समाज कल्याण अधिकारी ने उपस्थित विभिन्न स्कूलो के प्रधानाचार्यो को जानकारी देते हुये बताया कि शैक्षिक सत्र 2023-24 में पूर्व दशम (कक्षा 9 एवं 10) एवं दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत छात्र-छात्राओं द्वारा आनलाइन आवेदन किये जाने हेतु एवं शिक्षण संस्थान स्तर से फारवर्ड किये जाने हेतु तिथि निर्धारित की गयी है।



उन्होने कहा कि पूर्व दशम कक्षा 09 एवं 10 के अनुसूचित जाति, अनुसूचित जन जाति, सामान्य वर्ग/अन्य पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्य वर्ग (समस्त वर्ग) के छात्र छात्राओं द्वारा आगामी 14 जनवरी 2024 तक आवेदन किया जाना है तथा दशमोत्तर छात्र वृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति योजना का लाभ पाने के लिये सामान्य वर्ग अन्य पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक वर्ग के छात्र-छात्राओं 10 जनवरी 2024 आवेदन किया जाना हैं। उन्होने बताया कि आनलाइन आवेदन पत्रो को विद्यालय स्तर से रिसीव करना/वेरीफाई एवं फारवर्ड करना 19 जनवरी 2024 तक की तिथि निर्धारित की गयी हैं। जिला समाज कल्याण अधिकारी ने बताया कि अनुसूचित जाति, अनुसूचित जन जाति के छात्रो द्वारा दशमोत्तर छात्रवृत्ति/शुल्क प्रतिपूर्ति के लिये 31 मार्च 2024 तक आवेदन कर सकते हैं। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने सभी प्रधानाचार्यो एवं जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देशित करते हुये कहा कि छात्रवृत्ति का लाभ लेने के लिये प्रत्येक छात्र का आधार सीडिंग होना आवश्यक है अतएव सभी छात्र-छात्राओं एवं उनके अभिभावको को मैसेज के माध्यम से आधार सीडिंग तत्काल कराने हेतु जानकारी उपलब्ध करा दें। उन्होने कहा कि छात्रवृत्ति व शुल्क प्रतिपूर्ति के लिये यह सुनिश्चित करे कि पात्र सभी छात्र-छात्राओं को योजना का लाभ मिल सके इसके लिये छात्र-छात्राओं को क्लास में अवगत कराया जाय कि समय से अपना आवेदन कर लें। बैठक में जिला विद्यालय निरीक्षक, मुख्य कोषाधिकारी, जिला सूचना अधिकारी, प्राचार्य के0बी0पी0जी0 कालेज, प्राचार्या के0एम0पी0जी0 कालेज, प्रधानाचार्य राजकीय पालीटेक्निक कालेज, छात्रवृत्ति नोडल अधिकारी जी0डी0 बिनानी पी0जी0 कालेज, छात्रवृत्ति नोडल अधिकारी राजकीय पालीटेक्निक कालेज चुनार मीरजापुर, छात्रवृत्ति नोडल अधिकारी राजकीय आई0टी0आई0 छानबे मीरजापुर, छात्रवृत्ति नोडल अधिकारी जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान पटेहरा कलाँ मीरजापुर, छात्रवृत्ति नोडल अधिकारी श्रीमती इन्दिरा गाँधी राजकीय पी0जी0 कालेज लालगंज मीरजापुर, छात्रवृत्ति नोडल अधिकारी नरोत्तम सिंह पद्म सिंह राजकीय पी0जी0 कालेज मगरहा मीरजापुर, छात्रवृत्ति नोडल अधिकारी राजकीय पालीटेक्निक कालेज राजगढ़ मीरजापुर, छात्रवृत्ति नोडल अधिकारी राजकीय पालीटेक्निक कालेज भौरही चुनार मीरजापुर, प्रतिनिधि संयुक्त निदेशक (प्रशि0/शिशिक्षु0) विन्ध्याचल मण्डल मीरजापुर उपस्थित रहे।

## बनाये गये बूथो पर भ्रमण कर मूल भूत सुविधाए निर्धारित प्रारूप में उपलब्ध कराने का भी दिया गया दिशा निर्देश

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**मिर्जापुरा** । मीरजापुर 08 जनवरी 2024- उप जिला निर्वाचन अधिकारी/अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 शिव प्रताप शुक्ल की अध्यक्षता में स्थानीय सिटी क्लब में जोनल/सेक्टर मजिस्ट्रेट, सेक्टर पुलिस अधिकारियों की संयुक्त रूप से प्रशिक्षण दिया गया हैं। प्रशिक्षण में प्रत्येक केन्द्र एवं मतदेय स्थलों के नाम व नगर एवं बी0एल0ओ0 के नाम मतदेय स्थलों पर अंकित हो यह सुनिश्चित करेगें। . निर्धारित प्रारूप के अनुसार बूथ पर मूलभूत सुविधाएं है या नहीं सुनिश्चित करायें। मतदान टोलियों को ले जाने वाले भारी वाहनों के आवागमन में कोई समस्या तो नहीं यदि कोई समस्या परिलक्षित हो तो उसका उल्लेख भी किया जाय। कोई ऐसा मतदेय स्थल तो नहीं है जहाँ रैम्प बनाये जाने की आवश्यकता हो और वहाँ अभी तक रैम्प नहीं बनाया गया है। दंबगों या प्रभावशाली व्यक्तियों द्वारा डरा-धमकाकर या किसी प्रकार का लालच देकर मतदाताओं से उनका पहचान पत्र जमा कराने का प्रयास तो नहीं किये गये है। यदि ऐसा कोई प्रकरण पाया जाये तो उसका विशेष उल्लेख रिपोर्ट में किया जाये।यदि किसी प्रत्याशी द्वारा सम्प्रदायिक तनाव या जातिगत वैमनस्यता फैलाने वाले कोई भाषण अथवा अफवाह फैलाये जाने संबंधी कोई जानकारी प्राप्त हो तो पर्याप्त साक्ष्य जुटाते हुए उसका विवरण अपने जोन या सेक्टर में पड़ने वाले सभी थानों एवं पुलिस चैकियों के टेलीफोन नम्वर अपनी जानकारी हेतु नोट कर रख ले पूरे चुनाव के दौरान कभी भी आपकों इनकी आवश्यकता पड़ सकती है। मतदेय स्थल के क्षेत्र में पूर्व चुनाव में हुई मतदान संबंधी घटनाओं की जानकारी प्राप्त करें।





## जिले में दौरें पर पहुंचे जनजाति सुरक्षा मंच के राष्ट्रीय संयोजक का हुआ भव्य स्वागत

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र**। जनजाति सुरक्षा मंच के राष्ट्रीय संयोजक व छत्तीसगढ़ सरकार के पुर्व मंत्री गणेश राम भगत को भाजपा वनवासी कल्याण आश्रम के कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य रूप से स्वागत किया गया,सोमवार की देर शाम डाला बारी स्थित वनवासी कल्याण आश्रम द्वारा संचालित सेवा समर्पण संस्थान खन्ना कैंप में विश्राम के बाद मंगलवार को वह कोन एक कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए जा रहे थे डाला नगर चूड़ी गली मोड़ पहुंचने पर वनवासी कल्याण आश्रम के कार्यकर्ताओं द्वारा उनको रोककर माला फुल अंगवस्त्र पहनाकर स्वागत अभिनंदन किया गया इस अवसर पर उन्होने कहा कि वनवासी कल्याण आश्रम द्वारा वनवासियों के हितों के संरक्षण और उनकी बेहतरी के लिए यहां चलायी जा रही गतिविधियां प्रशंसनीय है आश्रम वनवासियों के बीच शिक्षा, स्वास्थ्य, संस्कार, स्वावलंबन की अलख जगाने के लिए निरंतर प्रयासरत् है और अंचल के जनजातीय समुदाय को इसका लाभ मिल रहा हैं वनवासी समाज में जितनी जातियां हैं उन सभी जातियों का चिंतन करना जरूरी है हमारी परंपरा, संस्कृति, नृत्य, भाषा, पूजा पाठ और साक्षर होने के लिए अपनी जाति को मंथन करने की आवश्यकता है। साक्षरता के लिए ज्यादा जोर लगाने की जरूरत है। अपनी भाषा, बोली, पूजा-पद्धति, खानपान, रहन-सहन जो पूर्व से चली आ रही है हम लोगों को उसे नहीं भूलना चाहिएइस अवसर पर वनवासी कल्याण आश्रम के जिला संगठन मंत्री शिव प्रसाद, रामु गोंड़, संदीप सिंह पटेल, मुकेश जैन, संतोष त्रिपाठी, शंभु गोड़, विशाल गुप्ता, बलबीर, रिशु जायसवाल, अमित मिश्रा, मनोज गुप्ता सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।



# आईपीएल की इन तीन टीमों के लिए आई बड़ी खुशखबरी, मुजीब उर रहमान, फजलहक फारूकी और नवीन उल हक को मिली अफगानिस्तान बोर्ड से बड़ी राहत

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली ।** मुजीब उर रहमान, फजलहक फारूकी और नवीन उल हक को अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड से बड़ी राहत मिली है। इन तीनों ही खिलाडियों पर लगाई गई पाबंदी जिसके बाद अफगानिस्तान बोर्ड ने नेशनल कॉन्ट्रैक्ट की घोषणा में देरी करने के साथ-साथ इन तीनों को दो साल के लिए नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट देने से मना कर दिया था।अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने देने से मना कर दिया था। अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड से एनओसी नहीं मिलने की वजह से मुजीब उर रहमान को बिग बैश लीग टूर्नामेंट को बीच में छोड़कर वापस लौटना पड़ा था। यूएई के





पर बोर्ड ने नरमी बरती है। मुजीब, फारूकी और नवीन को अफगानिस्तान ने सेंट्रल कॉन्टैक्ट में भी शामिल कर लिया है। इसके साथ ही बोर्ड ने तीनों ही प्लेयर्स को विदेशी लीग में खेलने की परमिशन भी दे दी ह अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने मुजीब उर रहमान, फजलहक फारूकी और नवीन उल हक को सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट में शामिल कर लिया है। हालांकि, बोर्ड ने इन तीनों ही खिलाडियों को चेतावनी भी दी है कि वह देश की ओर से क्रिकेट खेलने के लिए पूरी प्रतिबद्धता दिखाएं बता दें कि इन तीनों ही प्लेयर्स ने सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट पर साइन करने से इनकार कर दिया था, मुजीब उर रहमान फजलहक फारूकी और नवीन उल हक को सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट में शामिल कर लिया है। हालांकि बोर्ड ने इन तीनों ही खिलाडि़यों को चेतावनी भी दी है कि वह देश की ओर से क्रिकेट खेलने के लिए पूरी प्रतिबद्धता दिखाएं। बता दें कि इन तीनों ही प्लेयर्स ने सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट पर साइन करने से इनकार कर दिया था। बता दें कि इन तीनों ही प्लेयर्स ने सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट पर साइन करने से इनकार कर दिया था, जिसके बाद अफगानिस्तान बोर्ड ने नेशनल कॉन्ट्रैक्ट की घोषणा में देरी करने के साथ-साथ इन तीनों को दो साल के लिए नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट खिलाफ खेली गई टी-20 सीरीज में भी मुजीब को टीम में शामिल नहीं किया गया था। हालांकि, भारत के खिलाफ होने वाली तीन मैचों की टी-20 सीरीज के लिए मुजीब को टीम में जगह दी गई है। मुजीब, फारूकी और नवीन को एनओसी नहीं मिलने की वजह से आईपीएल की तीन टीमों की नींद उड़ी हुई थी। बता दें कि आईपीएल 2024 में मुजीब उर रहमान कोलकाता नाइट राइडर्स की ओर से खेलते हुए नजर आएंगे। वहीं, फजलहक फारूकी सनराइजर्स हैदराबाद की ओर से खेलते हुए दिखाई देंगे। नवीन उल हक लखनऊ सुपर जायंट्स की ओर से रंग जमाते हुए नजर आएंगे।

# 10 जनवरी से शुरू होगा एस ए 20 लीग का रोमांच, भारत का है इस टूर्नामेंट से बेहद खास लगाव; जानें इससे जुड़ी सभी जरूरी बातें

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली ।** साउथ अफ्रीका टी-20 लीग का आगाज 10 जनवरी से होने जा रहा है। टूर्नामेंट के डिफेंडिंग चैंपियन सनराइजर्स ईस्टर्न केपटाउन जोबर्ग सुपर किंग्स डरबन सुपर जायंट्स प्रिटोरिया कैपिटल्स एमआई केपटाउन पार्ल रॉयल्स वो




पहले मैच में डिफेंडिंग चैंपियन सनराइजर्स ईस्टर्न केपटाउन की भिड़ंत जोबर्ग सुपर किंग्स के साथ होनी है। इस लीग में छह मैदानों पर कुल 34 मैच खेले जाने हैं और टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला 10 फरवरी को खेला जाएगा। आइए आपको इस लीग से जुड़ी हर काम की बात विस्तार में समझाते हैं। साउथ अफ्रीका टी-20 लीग में कुल छह टीमें हिस्सा ले रही हैं। छह टीम हैं जो खिताब के लिए एक-दूसरे से भिड़ती हुई नजर आएंगी। लीग में पूरन पोलार्ड एडम मार्करम समेत कई नामी खिलाड़ी टूर्नामेंट में रंग जमाते हुए नजर आएंगे। साउथ अफ्रीका टी-20 लीग में कुल छह टीमें हिस्सा ले रही हैं। डिफेंडिंग चैंपियन सनराइजर्स ईस्टर्न केपटाउन, जोबर्ग सुपर किंग्स, डरबन सुपर जायंट्स, प्रिटोरिया कैपिटल्स, एमआई केपटाउन, पार्ल रॉयल्स वो छह टीम हैं, जो खिताब के लिए एक-दूसरे से भिड़ती हुई नजर आएंगी। टूर्नामेंट में कुल 34 मैच खेले जाएंगे टूर्नामेंट में हर टीम की टक्कर दूसरी टीम से दो बार होगी। हर टीम एक मैच अपने घर में और दूसरा विपक्षी टीम के घर में खेलेगी। टॉप चार में रहने वाली टीमें प्लेऑफ के लिए क्वालिफाई करेंगी। टॉप पर रहने वाली दो टीमों के बीच पहला क्वालिफायर खेला जाएगा। पहले क्वालिफायर को जीतने वाली टीम डायरेक्ट फाइनल में एंट्री मारेगी। वहीं, पहले क्वालिफायर में हारने वाली टीम की टक्कर दूसरे क्वालिफायर में एलिमिनेटर मैच जीतने वाली टीम के साथ होगी। दूसरे क्वालिफायर को जीतने वाली टीम फाइनल में कदम रखेगी, जिसका भिड़ंत पहले क्वालिफायर को जीतने वाली टीम के साथ होगी। साउथ अफ्रीका टी-20 लीग में कई नामी खिलाड़ी रंग जमाते हुए नजर आएंगे। निकोलस पूरन, एडम मार्करम, कीरोन पोलार्ड, जोस बटलर, सैम करन, जिमी नीशम, मोईन अली, समेत कई इंटरनेशनल खिलाड़ी इस टूर्नामेंट का हिस्सा होंगे।

# कंगारुओं को धूल चटाना के लिए तैयार हरमनप्रीत एंड कंपनी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली ।** भारतीय महिला टीम इन दिनों ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू जमीन पर तीन मैचों की टी20 सीरीज देख रही है। भारतीय महिला टीम मंगलवार को कंगारू बाद ऑस्ट्रेलिया महिला टीम ने दूसरे मैच में जीत दर्ज की थी। इसके चलते सीरीज अब 1-1 की बराबरी पर है। हरमनप्रीत की टीम के पास वर्ल्ड चैंपियन को हराने का मौका है। भारत ने अब तक



टीम के खिलाफ सीरीज में जीत दर्ज करके इतिहास रचने की कोशिश करेगी। भारतीय महिला टीम इन दिनों ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू जमीन पर तीन मैचों की टी20 सीरीज देख रही है। भारतीय महिला टीम मंगलवार को कंगारू टीम के खिलाफ सीरीज में जीत दर्ज करके इतिहास रचने की कोशिश करेगी। अब 1-1 की बराबरी पर है। हरमनप्रीत की टीम के पास वर्ल्ड चैंपियन को हराने का मौका है। भारत के पास जीत का बड़ा मौका है। भारत ने पहले मैच में शानदार जीत दर्ज की थी। इसके ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 2015-16 में पांच मैचों की सीरीज में जीत दर्ज की थी। इसके अलावा भारत ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एकमात्र टेस्ट में शानदार जीत दर्ज करके इतिहास रचा है। भारत ने पहले मैच में अपना दबदबा बनाया और 9 विकेट से दमदार जीत दर्ज की। ऐसे में हरमनप्रीत कौरका बल्ला भी इन दिनों शांत नजर आ रहा है। उन्होंने पिछले 10 मैचों में एक भी शतक या अर्धशतक नहीं लगाया है। हालांकि दीप्ति शर्मा टीम में बल्ले और गेंद से शानदार प्रदर्शन कर रही है।

# टी 20आई में भारत या अफगानिस्तान किसका पलड़ा रहा है भारी देखिए क्या कहते हैं हेड टू हेड के आंकड़े

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली ।**अफगानिस्तान की गिनती उन टीमों में की जाती है, जो किसी भी मुकाबले में विपक्षी टीम को हैरान करने का दमखम




रखती है। हाल ही में खेले गए वर्ल्ड कप 2023 में अफगान टीम ने यह कारनामा कई बार करके भी दिखाया। भारत और अफगानिस्तान की टीम टी-20 इंटरनेशनल में एक-दूसरे के खिलाफ अब तक कुल 5 बार मैदान पर उतरी हैं। इन पांच मैचों में से चार में जीत का स्वाद रोहित एंड कंपनी ने चखा है। वहीं एक मैच बेनतीजा रहा है। यानी फटाफट क्रिकेट में भारत के खिलाफ अफगानिस्तान को अपनी जीत का अभी भी इंतजार है। टी-20 सीरीज का पहला मैच 11 जनवरी को खेला जाएगा हालांकि, टी-20 इंटरनेशनल में भारत के खिलाफ अफगानिस्तान की एक नहीं चलती है। रोहित की पलटन के आगे अफगानिस्तान क्रिकेट के सबसे छोटे फॉर्मेट में आसानी से घुटने टेक देती है। यह हम नहीं कह रहे, बल्कि हेड टू हेड के आंकड़े यही कहानी बयां कर रहे हैं। भारत और अफगानिस्तान की टीम टी-20 इंटरनेशनल में एक-दूसरे के खिलाफ अब तक कुल 5 बार मैदान पर उतरी हैं। इन पांच मैचों में से चार में जीत का स्वाद रोहित एंड कंपनी ने चखा है। वहीं, एक मैच बेनतीजा रहा है। यानी फटाफट क्रिकेट में भारत के खिलाफ अफगानिस्तान को अपनी जीत का अभी भी इंतजार है। हालांकि, कप्तान रोहित और टीम इंडिया इस बात को बखूबी जानते हैं कि अफगानिस्तान की टीम को हल्के में नहीं आंका जा सकता है। भारत और अफगानिस्तान के बीच पहला टी-20 मुकाबला मोहाली के आईएस बिंद्रा क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाना है। इस ग्राउंड पर बल्लेबाजों का बोलबाला रहता है। पिच में अच्छा उछाल होने की वजह से गेंद बल्ले पर काफी अच्छे से आती है। इसके साथ ही इस मैदान की आउटफील्ड भी काफी तेजी, जिसके चलते गेंद को बाउंड्री लाइन के पार पहुंचाना और भी सरल हो जाता है। हालांकि, पिच से तेज गेंदबाजों को भी शुरुआत में मदद मिलती है। मोहाली के इस मैदान ने अब तक कुल 9 टी-20 इंटरनेशनल मैचों की मेजबानी की है। इसमें से 5 में जीत पहले बल्लेबाजी करने वाली टीम के हाथ लगी है। वहीं, 4 मैचों में मैदान रनों का पीछा करने वाली टीम ने मारा है। फर्स्ट इनिंग में एवरेज स्कोर 168 का रहा है, जबकि दूसरी पारी में औसतन स्कोर 152 का है। ओस को देखते हुए टॉस जीतने वाला कप्तान पहले गेंदबाजी करना चाहेगा।

# हाटस्टार को भूल जाइए यहां पर फ्री में देख सकेंगे तीन मैचों की टी-20 सीरीज का ड्राईव टेलीकास्ट और स्ट्रीमिंग

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली ।**वनडे क्रिकेट का खुमार अब उतर चुका है और अब बारी है टी-20 क्रिकेट के रोमांच की। 9 जनवरी से भारत और साउथ अफ्रीका के बीच टी-20 टेलीकास्ट आप नेटवर्क 18 पर देख पाएंगे। डेढ़ साल बाद विराट कोहली और रोहित शर्मा फटाफट क्रिकेट के फॉर्मेट में धमाल मचाने उतरेंगे। वहीं, टी-20 में कई बड़ी टीमों को ढेर कर चुकी




सीरीज का आगाज होने जा रहा है। इस सीरीज को टी-20 विश्व कप 2024 के लिहाज से काफी अहम माना जा रहा है भारत और अफगानिस्तान के बीच पहला टी-20 मुकाबला 9 जनवरी को खेला जाएगा। डेढ़ साल बाद विराट कोहली और रोहित शर्मा फटाफट क्रिकेट के फॉर्मेट में धमाल मचाते हुए नजर आएंगे। साउथ अफ्रीका दौरे पर भारतीय टीम का प्रदर्शन दमदार रहा था। दूसरी ओर अफगानिस्तान भी इस सीरीज में छाप छोड़ने के इरादे से मैदान पर उतरेगी। पहले टी-20 मैच का लाइव अफगानिस्तान के प्रदर्शन पर भी सभी की निगाहें रहेंगी। आइए आपको बताते हैं कैसे फ्री में उठा सकेंगे आप इस सीरीज के तीनों ही मैचों का लुत्फ। भारत और अफगानिस्तान के बीच पहला टी-20 मुकाबला 9 जनवरी को मोहाली के आईएस बिंद्रा क्रिकेट स्टेडियम मे खेला जाएगा। भारत और अफगानिस्तान के बीच पहला टी-20 मुकाबला भारतीय समय के अनुसार शाम 7 बजे शुरू होगा। वहीं, टॉस का सिक्का आधे घंटे पहले उछलेगा।

# मोहम्मद शमी के करियर में जुड़ी एक और बड़ी उपलब्धि अर्जुन अवॉर्ड से सम्मानित हुआ भारतीय गेंदबाज; वर्ल्ड कप 2023 में जमकर बरपाया था कहर

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली ।** टीम इंडिया के स्टार तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को अर्जुन अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है।



शमी इस प्रतिष्ठित अवॉर्ड को पाने वाले 46वें भारतीय पुरुष क्रिकेटर हैं। शमी का प्रदर्शन वर्ल्ड कप 2023 में बेहद शानदार रहा था और उन्होंने टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा विकेट अपने नाम किए थे। शमी ने 7 मैचों में कुल 24 विकेट निकाले थे। भारतीय टीम के तेज गेंदबाज शर्दीप्स् र्एप्स् को देश के प्रतिष्ठित अर्जुन अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। शमी का प्रदर्शन पिछले कुछ सालों में कमाल का रहा है। भारत की धरती पर खेले गए विश्व कप में शमी ने टीम इंडिया को फाइनल तक पहुंचाने में अहम किरदार निभाया था। शमी ने 7 मैचों में 24 विकेट निकाले थे। भारतीय टीम के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को देश के प्रतिष्ठित अर्जुन अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मोहम्मद शमी को अर्जुन अवॉर्ड से सम्मानित किया। शमी का प्रदर्शन पिछले कुछ सालों में कमाल का रहा है। भारत की धरती पर खेले गए विश्व कप में शमी ने टीम इंडिया को फाइनल तक पहुंचाने में अहम किरदार निभाया था। मोहम्मद शमी ने अर्जुन अवॉर्ड को लेकर एएनआई के साथ बातचीत करते हुए कहा, ठयह अवॉर्ड मेरे लिए सपने जैसा है, जिंदगी निकल जाती और लोग इस अवॉर्ड को नहीं जीत पाते हैं। मुझे खुशी है कि इस अवॉर्ड को पाने के लिए मुझे नॉमिनेट किया गया है। इस अवॉर्ड को पाना मेरे लिए सपने जैसा है, क्योंकि मैंने अपनी जिंदगी में कई लोगों को इस अवॉर्ड से सम्मानित होते हुए देखा है।मोहम्मद शमी के लिए वर्ल्ड कप 2023 किसी सपने के सच होने से कम नहीं रहा था। शमी ने गेंद से जमकर कहर बरपाया था और वह टूर्नामेंट में सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज रहे थे। शमी ने विश्व कप में खेले सिर्फ 7 मैचों में 24 विकेट अपने नाम किए थे और दुनियाभर के बल्लेबाजों की नाक में दम किया था।अर्जुन अवॉर्ड- ओजस प्रवीण देवताले (आर्चरी), अदिति गोपीचंद स्वामी (तीरंदाजी), श्रीशंकर (एथलेटिक्स), पारुल चौधरी (एथलेटिक्स), मोहम्मद हुसामुद्दीन (बॉक्सिंग), आर वैशाली (चेस), अनुश अग्रवाल (घुड़सवारी), दिव्यकृति सिंह (घुड़सवारी ड्रेसेज), दीक्षा डागर (गोल्फ), कृष्ण बहादुर पाठक (हॉकी), सुशीला चानू (हॉकी), पवन कुमार (कबड्डी), रितु नेगी (कबड्डी), नसरीन (खो-खो), पिंकी (लॉन बॉल्स), ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर ( शूटिंग), ईशा सिंह (शूटिंग), हरिंदर पाल सिंह संधू (स्क्वाश), अयहिका मुखर्जी (टेबल टेनिस), सुनील कुमार (रेसलिंग), अंतिम पंघाल (रेसलिंग), नाओरेम रोशिबिना देवी (वुशु), शीतल देवी (पैरा तीरंदाजी), इलूरी अजम कुमार (दृष्टिबाधित क्रिकेट), प्राची यादव (पैरा कैनोइंग)।

# यशस्वी जायसवाल या शुभमन गिल किसको मिलेगा मौका संजू सैमसन की होगी वापसी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली ।** अफगानिस्तान के खिलाफ तीन मैचों की टी-20 सीरीज का आगाज 11 जनवरी से होने जा रहा है। सीरीज का पहला मुकाबला मोहाली में खेला जाएगा। साउथ अफ्रीका दौरे पर दमदार प्रदर्शन करने लौटी भारतीय टीम के हौसले आसान काम नहीं होगा। मोहाली में होने वाले मुकाबले में शुभमन गिल और यशस्वी जायसवाल में से किसको टीम में जगह मिलेगी यह देखना दिलचस्प होगा। पहले टी-20 मुकाबले में विकेटकीपर की भूमिका में संजू सैमसन नजर आ सकते हैं। अर्शदीप सिंह फास्ट





पूरी तरह से बुलंद हैं। रोहित शर्मा और विराट कोहली डेढ़ साल बाद क्रिकेट के सबसे छोटे फॉर्मेट में रंग जमाने को बेकरार हैं। वहीं, अफगानिस्तान भी टीम इंडिया को इस सीरीज में कड़ी टक्कर देना चाहेगी। अफगानिस्तान के खिलाफ पहले टी-20 मैच के लिए प्लेइंग इलेवन चुनना कप्तान रोहित शर्मा के लिए बॉलिंग की अगुआई करते हुए नजर आ सकते हैं। अफगानिस्तान के खिलाफ पहले टी-20 मैच के लिए प्लेइंग इलेवन चुनना कप्तान रोहित शर्मा के लिए आसान काम नहीं होगा। मोहाली में होने वाले मुकाबले में शुभमन गिल और यशस्वी जायसवाल में से किसको टीम में जगह मिलेगी यह भी देखना दिलचस्प होगा। रोहित के साथ पारी का आगाज करने के ज्यादा चांस यशस्वी जायसवाल के नजर आ रहे हैं। हालांकि, शुभमन गिल के होम ग्राउंड को देखते हुए टीम मैनेजमेंट उन्हें प्लेइंग इलेवन में मौका दे सकती है। पहले टी-20 मुकाबले में विकेटकीपर की भूमिका में संजू सैमसन नजर आ सकते हैं। संजू की काफी समय बाद टी-20 टीम में वापसी हुई है और वह हाथ इस मौके को भुनाना चाहेंगे। संजू को प्लेइंग इलेवन में जगह बनाने के लिए कड़ी टक्कर जितेश शर्मा से मिल सकती है। जितेश ने अपनी तूफानी बल्लेबाजी से अब तक खेले मैचों में छाप छोड़ने में सफल रहे हैं। अफगानिस्तान के खिलाफ भारतीय टीम तीन तेज गेंदबाजों के साथ उतर सकती है। अर्शदीप सिंह फास्ट बॉलिंग की अगुआई करते हुए नजर आ सकते हैं। अर्शदीप का साथ आवेश खान और मुकेश कुमार देते हुए दिखाई देंगे। स्पिन विभाग में कुलदीप यादव और रवि बिशनेई में से किसी एक को मौका मिल सकता है।

# जनिथ लियानागे की आतिशी पारी के दम पर श्रीलंका ने जिम्बाब्वे को दी पटखनी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली ।** श्रीलंका और जिम्बाब्वे के बीच खेली जा रही वनडे सीरीज के दूसरे वनडे मैच में श्रीलंका ने 2 विकेट से जीत हासिल की। इस जीत के साथ ही श्रीलंका ने तीन मैचों की वनडे सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली। श्रीलंका की तरफ से मैच में जनिथ लियानागे ने बल्ले से तहलका मचाया और शानदार पारी खेली। श्रीलंका की तरफ से मैच में जनिथ लियानागे ने बल्ले से तहलका मचाया और शानदार पारी खेली। वह शतक जड़ने से 5 रन से चूके, लेकिन फिर भी उनकी पारी टीम के बहुत काम आई। 6 गेंद बाकी रहते हुए श्रीलंका ने ये मुकाबले अपने नाम किया। दरअसल, श्रीलंकाई टीम ने दूसरे वनडे में जिम्बाब्वे को 2 विकेट से हराकर सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली। कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम में खेले गए दूसरे वनडे में जिम्बाब्वे टीम के कप्तान क्रेग इरविन ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया था, जो कि उनके लिए गलत साबित हुआ। मैच में पहले बैटिंग करते हुए जिम्बाब्वे टीम के लिए कप्तान इरविन ने 102 गेंदों पर 9 चौके और 1 छक्के की मदद से 82 रन की पारी खेली।



# राशीफल




मेष-ःइस सप्ताह की शुरुआत प्रसन्नता के साथ होगी। लेकिन बातचीत में संवत रहें। शिक्षा से जुड़े काम पर ध्यान देने की आवश्यकता है। धैर्य रखना होगा। भागदौड़ बनी रहेगी।



वृष-ःइस सप्ताह आत्म संवत रहने की आवश्यकता है। मन परेशान रहेगा। गुस्सा पर नियंत्रण रखना होगा। परिवार का साथ मिलेगा। लाभ के




मिथुन-ःमन में आशा-निराशा बनी रहेगी। नकारात्मक विचारों से बचें। स्वास्थ्य का ध्यान रखने की आवश्यकता है। शत्रुओं पर विजय प्राप्त करेंगे। नौकरी में कार्यभार में बढ़ोतरी




कर्क-ःसप्ताह के शुरूआत से वाणी में मधुरता रहेगी, लेकिन धैर्यशीलता बनाए रखने की कोशिश करें। शिक्षा से जुड़े कामों में सफलता मिलेगी। संतान के स्वास्थ्य का ध्यान रखना




सिंह-ःसप्ताह के पहले दिन से मन में उतार-चढ़ाव बना रहेगा। नौकरी में तरक्की मिलने की संभावना है। शासन सत्ता का योग बन रहा है। भवन सुख मिलेगा। शिक्षा से जुड़े काम में




कन्या-ःइस सप्ताह कार्यक्षेत्र में मेहनत ज्यादा होगी। परिवार की जिम्मेदारी बढ़ेगी। नौकरी में कार्यभार बढ़ेगा। मन परेशान हो सकता है। स्वभाव में



तुला-ःनौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा, स्थान परिवर्तन भी हो सकता है। वाणी में कठोरता का भाव रहेगा, बातचीत में संयत रहें। वस्त्रों




वृश्चिक-ःइस सप्ताह परिवार के साथ धार्मिक यात्रा के योग बन रहे हैं। माता का सहयोग भी प्राप्त होगा। आत्मविश्वास बहुत रहेगा। ज्यादा उत्साही होने से बचें। किसी पुराने दोस्त से




धनु-ःनौकरी में तरक्की होने की संभावना है। आत्मविश्वास बढ़ेगा। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव बना रहेगा। मानसिक शांति रहेगी। गुस्सा पर काबू रखें।



मकर-ःपरिवार में हंसी-खुशी का माहौल रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखना होगा। आत्मविश्वास बहुत रहेगा। नकारात्मक विचारों से बचाव



कुंभ-ःमन खुश रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। मानसिंक शांति रहेगी लेकिन असंतोष भी रहेगा। परिवार में शांति बनी रहेगी। पिता का सहयोग मिलेगा। शत्रुओं पर



मीन-ःपारिवारिक जिम्मेदारी बढ़ सकती हैं। मान-सम्मान बढ़ेगा। नौकरी में पदोन्नति के योग हैं। आत्मविश्वास बन रहेगा। शिक्षा से जुड़े काम सफल होंगे।



# सम्पादकीय

## क्रिप्टो की बढ़ती लोकप्रियता के बीच ठगों के जाल में फंस रहे पढ़े-लिखे लोग

क्रिप्टो करेंसी की बढ़ती लोकप्रियता ने गैरकानूनी चीजें खरीदने को बढ़ावा तो दिया ही है, क्रिप्टो के जरिये ठगी के मामले भी बढ़ रहे हैं।डिजिटल लेन-देन के दौरान तो लोग ठगी के शिकार हो ही रहे हैं, अब ठग क्रिप्टो के जरिये पैसे को चौगुना और पांच गुना करने का लालच देकर भी लोगों को ठग रहे हैं। क्रिप्टो के जरिये ठगी का शिकार बनने वाले अधिकांश लोग पढ़े-लिखे हैं। इन ठगों का अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क है, जिसका संचालन भारत से किया जा रहा है। ठगी के लिए टेलीग्राम या व्हाट्सएप ग्रुप का भी इस्तेमाल किया जा रहा है। क्रिप्टो से की जा रही ठगी में ज्यादातर चीनियों की लिप्तता



है। इसका कारण यह है कि वहां 2016 की तुलना में 2023 में कामगारों के वेतन में उल्लेखनीय कमी आई है, साथ ही, बेरोजगारी भी बढ़ रही है।क्रिप्टो करेंसी एक प्रकार की डिजिटल मुद्रा है, जो भौतिक रूप में उपलब्ध नहीं होती। इसे किसी टकसाल में ढाला नहीं जा सकता, इसलिए इसका लेन-देन दूसरी मुद्राओं की तरह वैधानिक नहीं है। इस पर नियंत्रक का किसी तरह का कोई नियंत्रण नहीं होता है। इसके अधिकांश उपयोगकर्ता गुमनाम रहकर इसका लेन-देन करते हैं। बिटक्वाइन, कारडानो, इथेरियम, रिपल, लिटेक्वाइन, स्टीम, डैश, डोजेक्वाइन आदि क्रिप्टो करेंसीज हैं। इनमें बिटक्वाइन सबसे लोकप्रिय है। यूरो, अमेरिकी डॉलर, पाउंड आदि की तुलना में क्रिप्टो करेंसी के मूल्य में तेजी से इजाफा हो रहा है।क्रिप्टो से ठगी में पहले ऐप या पोर्टल पर निवेशकों का खाता खुलवाया जाता है। शुरू में निवेशकों द्वारा निवेश की गई छोटी रकम को दोगुना या तिगुना कर दिया जाता है। भरोसा जीतने के बाद निवेशकों को बड़ी रकम जमा करने को कहा जाता है। जैसे ही निवेशक वॉलेट में बड़ी रकम जमा करते हैं, उसे तुरंत दूसरे खाते में अंतरित कर दिया जाता है या फिर होल्ड लगा दिया जाता है। आम तौर पर ठगी गई रकम विदेश भेज दी जाती है। ऐसे लोग धन शोधन (एएमएल) और काउंटर फाइनेंसिंग ऑफ टेररिज्म (सीएफटी) में भी लिप्त होते हैं।?वित्त मंत्रालय ने बाइनेंस समेत कई दोषी क्रिप्टो एक्सचेंज को इस मामले में नोटिस दिया है।ठगी के लिए इस्तेमाल किए जा रहे यूआरएल को ब्लॉक करने की दिशा में भी सरकार काम कर रही है। अपने यहां क्रिप्टो के जरिये साइबर अपराध, डिजिटल धोखाधड़ी सीएफटी और धनशोधन जैसी वारदातों को भी अंजाम दिया जा रहा है। क्रिप्टो करेंसी की बढ़ती लोकप्रियता ने गैरकानूनी चीजें खरीदने में इसके प्रयोग को बढ़ावा दिया है।वैश्विक ब्लॉकचेन प्लेटफॉर्म चेन एनालिसिस के अनुसार, क्रिप्टो करेंसी के लेन-देन के मामले में अमेरिका के बाद ब्रिटेन, तुर्किये और रूस को पीछे छोड़ते हुए भारत दूसरा सबसे बड़ा बाजार बन गया है। भारत में क्रिप्टो करेंसी के कॉइनडीसीएक्स, कॉइनस्विच, वजीरएक्स, बाययूकॉइन, जेबपे, गियोटस, उनोकॉइन आदि एक्सचेंज अपना परिचालन कर रहे हैं। क्रिप्टो एक्सचेंज स्टॉक एक्सचेंज की तरह निवेशकों को डिजिटल मुद्राओं में खरीदने-बेचने में मदद करता है।भारत में क्रिप्टो एक्सचेंज के परिचालन के लिए पंजीकरण कराना जरूरी है, लेकिन यहां सिर्फ 31 क्रिप्टो एक्सचेंजों ने ही फाइनेंशियल इंटेलिजेंस यूनिट (एफआईयू) के पास पंजीकरण कराया है। कई क्रिप्टो एक्सचेंज भारत में बिना पंजीकरण के गैर कानूनी तरीके से कारोबार कर रहे हैं।एक रिपोर्ट के अनुसार, देश के 10 शहरों में क्रिप्टो करेंसी के लगभग 60 प्रतिशत निवेशक निवास करते हैं। देश क्रिप्टो में सर्वाधिक निवेश करने वाले पांच शहर क्रमशः दिल्ली, मुंबई, कोलकाता, लखनऊ और पटना हैं। क्रिप्टो में निवेश करने वाले टियर 2 शहरों में पटना और लखनऊ अग्रणी हैं। इसमें महिलाएं भी पीछे नहीं हैं।दुनिया भर में जिस रफ्तार से डिजिटलाइजेशन हो रहा है, उसमें क्रिप्टो करेंसी के प्रसार को रोका नहीं जा सकता है। हालांकि, वैश्विक स्तर पर भारत जैसे अनेक देश हैं, जहां क्रिप्टो करेंसी की संकल्पना से ज्यादातर लोग अनजान हैं।

# शेख हसीना की वापसी, विदेशी मुद्रा संकट के बीच राजनीतिक स्थिरता लाने की चुनौता


संसदीय चुनाव में दो तिहाई से ज्यादा सीटें जीतकर सत्ता में फिर से लौटीं शेख हसीना विपक्ष की योजनाओं से परेशान नहीं हैं और कहती हैं कि उनकी जिम्मेदारी बांग्लादेश के लोगों के प्रति है, न कि विपक्षी पार्टी बीएनपी के प्रति। बांग्लादेश का करीबी साझेदार होने के लिए उन्होंने भारत की सराहना भी की है।बीते रविवार यानी सात जनवरी को बांग्लादेश में संसदीय चुनाव के लिए मतदान हुआ, जिसमें शेख हसीना के नेतृत्व वाली अवामी लीग एक बार फिर विजयी हुई है। चुनावी नतीजे काफी हद तक उम्मीद के मुताबिक रहे और सत्तारूढ़ दल ने संसद में दो तिहाई बहुमत हासिल किया। मुख्य विपक्षी पार्टी बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी), जिसने चुनाव का बहिष्कार किया था, अपना विरोध जारी रखने की योजना बना रही है। हालांकि, हसीना विपक्ष की योजनाओं से परेशान नहीं हैं और कहती हैं कि उनकी जिम्मेदारी बांग्लादेश के लोगों के प्रति है, न कि विपक्षी पार्टी बीएनपी के प्रति, जो उनके अनुसार, गुंडों की पार्टी है। उन्होंने बांग्लादेश का करीबी साझेदार होने के लिए भारत की सराहना भी की है।बांग्लादेश के चुनावी नतीजे के आंकड़े बताते हैं कि मतदान में मात्र 40 प्रतिशत मतदाताओं ने ही भागीदारी की, जबकि विपक्ष को इस पर भी भरोसा के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए 7.5 लाख से अधिक कर्मियों की तैनाती की गई थी।बांग्लादेश के चुनाव आयोग के अनुसार, 42,000 से अधिक मतदान केंद्रों पर मतदान हुआ, जिनमें 27 राजनीतिक दलों के 1,500 से अधिक प्रत्याशी मैदान में थे। 436 निर्दलीय उम्मीदवार भी चुनाव लड़ रहे थे। भारत के तीन पर्यवेक्षकों समेत 100 से अधिक विदेशी पर्यवेक्षक बांग्लादेश के चुनाव की निगरानी कर रहे थे। मतदान के दौरानकानून्व्यवस्था बनाए रखने के लिए 7.5 लाख से अधिक कर्मियों की तैनाती की गई थी।बांग्लादेश के चुनाव आयोग के अनुसार, 42,000 से अधिक मतदान केंद्रों पर मतदान हुआ, जिनमें27 राजनीतिक दलों के 1,500 से अधिक प्रत्याशी मैदान में थे। 436 निर्दलीय उम्मीदवार भी चुनाव लड़ रहे थे। भारत के तीन पर्यवेक्षकों समेत 100 से अधिक विदेशी पर्यवेक्षक बांग्लादेश के चुनाव की निगरानी कर रहे थे। मतदान के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए 7.5 लाख से अधिक कर्मियों की तैनाती की गई थी।बांग्लादेश के चुनाव आयोग के अनुसार, 42,000 से अधिक मतदान केंद्रों पर मतदान हुआ, जिनमें 27 राजनीतिक दलों के 1,500 से अधिक प्रत्याशी मैदान में थे। 436 बांग्लादेश के संस्थापक शेख मुजीबुर्रहमान की बेटी हैं, जबकि खालिदा जिया बांग्लादेश के पूर्व तानाशाह शासक जिया उर रहमान की विधवा हैं।इस राजनीतिक परिदृश्य में अचानक लोगों का ध्यान नोबेल विजेता अर्थशास्त्री मुहम्मद यूनुस की ओर चला गया, जिन्हें हाल ही में बांग्लादेश की एक श्रम अदालत ने छह महीने जेल की सजा सुनाई है। हालांकि इस फैसले के खिलाफ यूनुस को ऊपरी अदालत में अपील करने की इजाजत दी गई है, जबकि कुछ लोगों का मानना है कि अदालत का यह फैसला नोबेल विजेता मुहम्मद यूनुस के खिलाफ राजनीतिक बदले की कार्रवाई का हिस्सा है। हालांकि अवामी लीग सरकार ने इससे इन्कार किया है।मुहम्मद यूनुस बांग्लादेश में ग्रामीण बैंक के माध्यम से अपने सूक्ष्म-ऋणों के लिए जाने जाते हैं। इस कार्यक्रम को बड़ी संख्या में बांग्लादेशी महिलाओं के उत्थान का श्रेय दिया जाता है, जिन्होंने लघु व्यवसाय शुरू किया। कुछ लोगों का मानना है कि यूनुस का कार्यक्रम उस देश के लिए चमत्कार की तरह है, जो पहले अत्यंत गरीबी के लिए जाना जाता था। मगर उनके विरोधियों का मानना है कि वह उधारकर्ताओं से भारी ब्याज वसूलते हैं, वे इसे सीधे कानूनी मामले के रूप में देखते हैं।दूसरी तरफ, यूनुस एवं हल्के प्रतीत होते हैं।कुछ लोगों को यह भी संदेह है कि पद्मा नदी पर पुल बनाने की परियोजना के लिए विश्व बैंक के वित्त पोषण को रद्द करवाने के पीछे मुहम्मद यूनुस का हाथ था। हालांकि यह आरोप कभी साबित नहीं हो सका, लेकिन उन्हें अवामी लीग सरकार की दुश्मनी झेलनी पड़ी। पद्मा नदी पुल परियोजना को शेख हसीना सरकार की मुख्य बुनियादी ढांचा परियोजनाओं में से एक माना जाता है और इसने बांग्लादेश के सकल घरेलू उत्पाद में लगभग 1.3 प्रतिशत की बढ़ोतरी की है।मुहम्मद यूनुस की सजा पर बहस हो सकती है, पर एक बात निश्चित है कि उन्हें पश्चिम में बहुत लोग पसंद करते हैं। कुछ लोगों को डर है कि उनकी सजा से बांग्लादेश में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) का प्रवाह प्रभावित हो सकता है। एफडीआई एक सफल विकास रणनीति का प्रमुख तत्व है, क्योंकि यह आर्थिक बदलाव लाने के लिए आवश्यक पूंजी और तकनीकी हस्तांतरण को संभव बनाता है। कई वजहों से बांग्लादेश का एफडीआई प्रवाह हमेशा काफी कम रहा है। लाल फीताशाही और भ्रष्टाचार के अलावा, बहुराष्ट्रीय कंपनियों को उनका मुनाफा वापस देने से रोकने का सरकार का निर्णय उनमें से एक है।बांग्लादेश अपने निर्यात के लिए भी पश्चिमी देशों



नहीं है। जिन 61 सीटों पर निर्दलीय उम्मीदवारों ने जीत हासिल की है, उन्हें भी अवामी लीग का ही छद्म उम्मीदवार बताया जाता है। जातीय पार्टी को सिर्फ 11 सीटों पर जीत मिली है। मुख्य विपक्षी पार्टी बीएनपी के नेताओं ने कहा कि उनकी पार्टी मंगलवार से शांतिपूर्वक अपने विरोध आंदोलन को तेज करने की योजना बना रही है। बीएनपी ने इस चुनाव को 'फर्जी' बताया है।बांग्लादेश के चुनाव आयोग के अनुसार, 42,000 से अधिक मतदान केंद्रों पर मतदान हुआ, जिनमें 27 राजनीतिक दलों के 1,500 से अधिक प्रत्याशी मैदान में थे। 436 निर्दलीय उम्मीदवार भी चुनाव लड़ रहे थे। भारत के तीन पर्यवेक्षकों समेत 100 से अधिक विदेशी पर्यवेक्षक बांग्लादेश के चुनाव की निगरानी कर रहे थे। मतदान निर्दलीय उम्मीदवार भी चुनाव लड़ रहे थे। भारत के तीन पर्यवेक्षकों समेत 100 से अधिक विदेशी पर्यवेक्षक बांग्लादेश के चुनाव की निगरानी कर रहे थे। मतदान के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए 7.5 लाख से अधिक कर्मियों की तैनाती की गई थी।विश्लेषकों का मानना है कि शेख हसीना की सत्ता में वापसी भारत के लिए फायदेमंद है, क्योंकि उनका रुख हमेशा से भारत समर्थक रहा है, जबकि बीएनपी के शासन के दौरान भारत के अलगाववादियों को वहां सुरक्षित पनाह मिलती रही है और बीएनपी का रुख भारत विरोधी रहा है। बांग्लादेश का राजनीतिक परिदृश्य शेख हसीना और खालिदा जिया के बीच तीव्र प्रतिद्वंद्विता के लिए जाना जाता है। शेख हसीना और उनके उपक्रम ग्रामीण टेलिकॉम के तीन निदेशकों को दोषी ठहराए जाने को कुछ लोग सरकार द्वारा विरोधी आवाजों को दबाने के एक और प्रयास के रूप में देखते हैं। उनका तर्क है कि इससे स्वतंत्रता और कम होगी। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के लिए संयुक्त राष्ट्र की विशेष दूत और एमनेस्टी इंटरनेशनल की पूर्व महासचिव आइरिन खान ने इसे न्याय का मखौल बताया है। उनका आरोप है कि न्यायिक व्यवस्था को हथियार बनाया जा रहा है। बांग्लादेश में श्रम कानूनों के उल्लंघन के कई मामले हैं, लेकिन सरकार श्रमिकों का शोषण रोकने के लिए व्यवसायियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं करती। वह कहती हैं कि यूनुस के खिलाफ मुकदमा और आरोप तुच्छ पर बुरी तरह से निर्भर है। करीब 40 अरब डॉलर मूल्य के बांग्लादेशी निर्यात का एक बड़ा हिस्सा अमेरिका एवं यूरोपीय संघ जाता है। यदि वहां हुए चुनाव को स्वतंत्र, निष्पक्ष और भागीदारीपूर्ण नहीं माना जाता है, तो यह अर्थव्यवस्था को प्रभावित कर सकता है। इस बार बांग्लादेश के चुनाव पर पश्चिमी देशों की तीखी नजर रही। अब यह देखना है कि चुनाव के बाद बांग्लादेश राजनीतिक गतिरोध से कैसे निपटता है। यदि शेख हसीना सरकार मुल्क में राजनीतिक स्थिरता लाने में विफल रहती है, तो यह पश्चिमी देशों को नई कठिनाइयां पैदा करने के लिए प्रोत्साहित करेगा, जो शायद बांग्लादेश को पसंद न आए, खासकर तब, जब वह विदेशी मुद्रा के संकट का सामना कर रहा है।

# बुंदेलखंड में तालाबों को नया जीवन देने की हो रही कोशिश

खजरा खुर्द गांव में पुराना तालाब नाम से विख्यात तालाब की उपयोगिता हाल के समय में सफाई न होने के कारण घट गई थी। परमार्थ संस्था व उससे जुड़ी महिला कार्यकर्ताओं-'जल सहेलियों' ने इसे पुनर्जीवित करने के लिए अभियान चलाया।ग्रामीण क्षेत्रों में तालाब पानी संबंधी विभिन्न जरूरतें पूरी करने के साथ भूजल-स्तर बनाए रखने का मुख्य आधार रहे हैं। विभिन्न कारणों से हाल के समय में उपेक्षा के कारण अनेक तालाब क्षतिग्रस्त हुए हैं। इस कारण बड़े जल-संकट के बीच अब उनकी रक्षा के कुछ महत्वपूर्ण प्रयास होने लगे हैं। विशेषकर बुंदेलखंड में ऐसे प्रयास काफी महत्वपूर्ण हैं, क्योंकि वहां जल संतुलन बनाए रखने में तालाबों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।लहार ठाकुरपुरा गांव (बबीना ब्लॉक, झांसी) में इसी नाम का विशाल, लगभग 87 एकड़ का तालाब आसपास के ग्रामीण इलाकों के लिए गौरवशाली धरोहर रहा है, पर हाल के वर्षों में जलकुंभी, मिट्टी-गाद आदि के चलते इसकी सुंदरता और उपयोगिता, दोनों कम होती जा रही थी। ऐसे में जब 'परमार्थ' संस्था ने को रोजगार की बहुत जरूरत थी।खजरा खुर्द गांव में पुराना तालाब नाम से विख्यात तालाब की उपयोगिता हाल के समय में सफाई न होने के कारण घट गई थी। परमार्थ संस्था व उससे जुड़ी महिला कार्यकर्ताओं-'जल सहेलियों' ने इसे पुनर्जीवित करने के लिए अभियान चलाया। इसके बाद किनारों की मरम्मत, मिट्टी-गाद हटाने, आसपास वृक्षारोपण आदि के कार्य हुए। तालाब की जल-ग्रहण क्षमता बढ़ने के साथ इससे आसपास के कुंओं का जल-स्तर भी बढ़ा।छतरपुर जिले (मध्य प्रदेश) के अंगरौठा गांव में महिलाओं ने 107 मीटर की नहर खोदने का कार्य बहुत कठिन परिस्थितियों में शुरू किया, ताकि यहां के सूखे पड़े तालाब में पानी पहुंच सके। बाद में उनके इस साहसी कार्य से प्रेरित होकर अन्य लोगों ने भी सहयोग किया। इसी जिले में गंगा नामक महिला ने अपनी सखियों के साथ एक उपेक्षित सूखे तालाब को फिर से पानीदार बनाया। इस तालाब के बारे में अंधविश्वास प्रचलित था कि जो इसका पुनरुद्धार करेगा,



तालाब की स्वच्छता के लिए जनसभा की, अभियान चलाया और प्रशासन से भी संपर्क किया, तो इसे काफी सहयोग मिला। मनरेगा के अंतर्गत अनेक हफ्ते तक तालाब की सफाई का अभियान चलता रहा। जलकुंभी और गाद की सफाई की गई तथा नहर का पानी तालाब में लाया गया। आसपास बाड़ लगाई गई और जमीन को पक्का किया गया।हालांकि अभी रोशनी की व्यवस्था और मरम्मत का कार्य होना शेष है, फिर भी तालाब बहुत सुंदर बन गया है। इसकी जल-ग्रहण क्षमता बढ़ी है और पानी साफ है। गांववासियों ने बताया कि एक छोटी नहर निकाल कर इससे सिंचाई की व्यवस्था भी की जानी चाहिए। इसके अलावा, चंदेल राजाओं के समय से चले आ रहे एवं 100 एकड़ से बड़े क्षेत्र में फैले मानपुर के तालाब (जो इसी ब्लॉक में स्थित है) में एक छोटी नहर की व्यवस्था पहले से परंपरागत तौर पर रही है, पर इसमें बहुत टूट-फूट हो गई थी। परमार्थ संस्था ने यहां एक विशेष प्रयास कर इस नहर के किनारों की मरम्मत की एवं तालाब की सफाई भी करवाई। इस कारण गांववासियों को सिंचाई का बेहतर लाभ मिल रहा है। यह कार्य ऐसे समय में गैर-मशीनीकृत उपायों से किया गया, जब यहां लोगों उसे हानि होगी, लेकिन गंगा ने लोगों को समझाया कि यह अंधविश्वास है और गांव की प्यास बुझाने का प्रयास इस कारण नहीं रुकना चाहिए। इन महिलाओं ने न केवल तालाब की सफाई की, बल्कि इसमें पानी भी पहुंचाया।देश में बुंदेलखंड जैसे कुछ ऐसे क्षेत्र हैं, जहां जल-संतुलन में तालाबों की विशेष भूमिका है और इनके निर्माण व रख-रखाव के लिए परंपरागत तकनीक व सामाजिक तौर-तरीके, दोनों प्रशंसनीय रहे हैं। इनसे आज भी सीखा जा सकता है। चाहे सभी घरों में नल आ जाएं, पर इन तालाबों का महत्व बना रहेगा और इनके संरक्षण पर ध्यान देना जरूरी है। इनमें जमा गाद-मिट्टी हटाकर इसकी जल-ग्रहण क्षमता भी बढ़ाई जा सकती है व किसानों को उपजाऊ गाद-मिट्टी अपने खेतों के लिए मिल जाएगी। अनेक स्थानों पर भूजल स्तर पहले ही बहुत नीचे चला गया है। यदि बोरवेल आदि से नलों के लिए भूजल का उपयोग किया जाएगा, तो ऐसे में जल-संतुलन बनाए रखने के लिए जरूरी है कि तालाबों में पहले से कहीं अधिक जल हो। इसलिए तालाबों की रक्षा एवं वर्षा जल संरक्षण का कार्य अब और महत्वपूर्ण हो गया है।

# अब तक की उपलब्धियों को लेकर संतुष्ट नहीं बैठेंगे पीएम मोदी; भाजपा के लिए चलेंगे बड़ा दांव

आगामी अप्रैल-मई में होने वाले 18वें लोकसभा चुनाव में लगातार तीसरे कार्यकाल की तरफ बढ़ रहे नरेंद्र मोदी विपक्षी गठबंधन की तरफ से आने वाली हर चुनौती को, चाहे वह कितनी ही मामूली क्यों न हो, पूरी सतर्कता और गंभीरता से ले रहे हैं। नरेंद्र मोदी की तरफ से भाजपा को साफ निर्देश है कि विपक्षियों पर पूरी नजर रखें और उन्हें किसी भी हाल में अनियंत्रित न होने दें।'इंडिया' गठबंधन के भीतर सीटों के बंटवारे को लेकर चल रही खींच-तान और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सामने गठबंधन का चेहरा पेश करने में असमर्थता के चलते आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा को जीतने से रोक पाना विपक्षी गठबंधन के लिए दुर्गम चुनौती बन गया है। चुनौती की विकटता इससे समझी जा सकती है कि हममें से कई आगामी चुनाव को ऐसी स्पर्धा मान रहे हैं, जिसमें 'इंडिया'गठबंधन ने अब तक पहला कदम भी नहीं बढ़ाया है, जबकि भाजपा मंजिल पर दस्तक दे रही है। लेकिन एक व्यक्ति ऐसा कभी नहीं सोचेगा, और वह हैं प्रधानमंत्री मोदी।आगामी अप्रैल-मई में होने वाले 18वें लोकसभा चुनाव में लगातार तीसरे कार्यकाल की तरफ बढ़ रहे नरेंद्र मोदी विपक्षी गठबंधन की तरफ से आने वाली हर चुनौती को, चाहे वह कितनी ही मामूली क्यों न हो, पूरी सतर्कता और गंभीरता से ले रहे हैं। नरेंद्र मोदी की तरफ से भाजपा को साफ निर्देश है कि विपक्षियों पर पूरी नजर रखें और उन्हें किसी भी हाल में अनियंत्रित न होने दें। इसलिए, वह चाहते हैं कि भाजपा उनके लिए वोट जुटाने के उद्देश्य से पूरी ताकत से काम संदेश पहुंचाने की व्यापक मुहिम देखने को मिले, तो हैरत नहीं होनी चाहिए। विभिन्न रणनीतिक सत्रों में मोदी अपनी पार्टी के नेताओं से लगातार कह रहे हैं कि उन्हें भारत के विकास की कहानी को लेकर जनता तक पहुंचना चाहिए और विपक्षियों की किसी भी क्षेत्रवार मुद्दे उठाने हों, अमित शाह की सीधी निगरानी में दोहरी जांच की व्यवस्था लागू की गई है। जब सब कुछ केंद्रीय नेतृत्व को ही करना है, तो मुमकिन है कि पार्टी के लोग आरामतलब और मनचाहे नतीजों के लिए प्रधानमंत्री की शख्सियत पर जुड़ने की कोशिश की। हां, थोड़ा-सा हिंदू पुट केवल क्षेत्र की आध्यात्मिक विरासत की ओर इशारा करने तक सीमित जरूर था।उल्लेखनीय है कि पिछले कई वर्षों से भाजपा केरल और तमिलनाडु में जमीनी स्तर पर काम कर रही चुनाव में भाजपा के लिए दूसरे दलों की तुलना में दांव कहीं ज्यादा बड़ा है। 2024 में जीत भाजपा के लिए एक नए युग का द्वार खोलेगी, जो अगले एक दशक के लिए पार्टी को निर्विवाद रूप से सबसे आगे खड़ा कर देगी। नरेंद्र मोदी के अनुसार,



करे। यही वजह है कि भाजपा की चुनाव-प्रबंधन रणनीति में विपक्ष के हर हमले का, वह कितना ही कमजोर क्यों न हो, मुंहतोड़ जवाब देने का संदेश जरूर शामिल होगा।चुनावी अभियानों में केंद्रीय मंत्रियों के जमावड़े और भाजपा की तरफ से खासकर ग्रामीण व शहरी गरीबों, महिलाओं, युवाओं और किसानों तक लक्षित ढंग से अपने चाल को हल्के में नहीं लेना चाहिए, चाहे वह 15 राज्यों की 100 लोकसभा सीटों को छूने वाली राहुल गांधी की नई यात्रा ही क्यों न हो। मोदी का भाजपा के रणनीतिकारों को संदेश साफ है कि नए और प्रभावशाली जनादेश के साथ सत्ता में लौटने के लिए हर मतदाता और हर राज्य महत्वपूर्ण है। चाहे उम्मीदवारों का चयन करना हो या निर्भर हो जाएं। पर मोदी ऐसा होने नहीं देंगे। उन्होंने भाजपा के लिए ज्यादा संभावनाएं न रखने वाले राज्यों में भी दिखाया है कि वह कितनी ज्यादा कोशिशें करते हैं। तमिलनाडु के त्रिची में और केरल के त्रिशूर में उनकी सभाओं को ही देखें। इन राज्यों में मोदी ने हिंदुत्व के बजाय अपने विकास के एजेंडे के जरिये स्थानीय मतदाताओं से है, इससे बेफिक्र कि उसे मिल रहा समर्थन संसद या राज्य विधानसभाओं में सीटों में तब्दील हो रहा है या नहीं। जाहिर है कि एक अथक प्रचारक के रूप में मोदी समय और ऊर्जा का निवेश करने को तब भी तैयार हैं, भले ही रिटर्न की गारंटी न हो। मोदी ने अमित शाह और दूसरे चुनावी योद्धाओं को एहसास दिलाया है कि आगामी यही वह समय होगा, जब देश के लिए सबसे अच्छी चीजें होनी तय हैं और 2047 तक सौ वर्ष के हो चुके आजाद भारत में भाजपा ही देश में महत्वपूर्ण बदलावों की अग्रदूत के रूप में देखी जाएगी। सभी भाजपा-विरोधी वोटों को एकजुट करने में विपक्ष कई चुनौतियों से जूझ रहा है। कुछ राज्यों में गठबंधन सहयोगी एक-दूसरे के विरोधी हैं।

# 50 साल के हुए फरहान अख्तर, 'बेटू' के लिए सौतेली मां शबाना आजमी ने लिखा दिल छूने वाला पोस्ट

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली ।** एक्टिंग, सिंगिंग, डायरेक्शन और लिरिक्स में अपना परचम लहराने वाले फरहान अख्तर ने इंडस्ट्री में अपने दम पर अपनी



पहचान बनाई है। फैंस उन्हें 'ऑलराउंडर' कहकर पुकारते हैं। आज इस मल्टी टैलेंटेड पर्सनालिटी का बर्थ डे है। इस मौके पर अपने 'बेटू' को दिग्गज एक्ट्रेस शबाना आजमी ने अनोखे अंदाज में विश किया है। बॉलीवुड के रॉकस्टार फरहान अख्तर आज किसी परिचय के मोहताज नहीं रह गए है। उन्होंने कड़ी मेहनत से फिल्म इंडस्ट्री में अपना मुकाम हासिल किया है। आज इस मल्टी टैलेंटेड पर्सनालिटी का बर्थ डे है। फरहान ने अपनी फैमिली और वाइफ शिबानी डांडेकर के साथ मनाया। एक्टर के लिए उनकी सौतेली मां शबाना आजमी ने एक पोस्ट लिखा है जिसने फैंस का दिल छू लिया है। फरहान अख्तर को बॉलीवुड इंडस्ट्री में तीन दशक से भी ज्यादा का समय बीत चुका है। जावेद अख्तर का बेटा होने के बावजूद प्रोफेशनल लाइफ में उन्हें ढेर सारी मेहनत करनी पड़ी। ये उसी हार्ड वर्क का नतीजा है कि फरहान की सोशल मीडिया पर अच्छी फैन फॉलोइंग है। फरहान अब 50वां जन्मदिन सेलिब्रेट कर रहे है। उनके स्पेशल डे पर शबाना आजमी ने उनके लिए स्वीट नोट पोस्ट किया है। फरहान अख्तर ने फैमिली और क्लोज फ्रेंड्स के साथ मिड नाइट बर्थ डे सेलिब्रेशन किया। शबाना आजमी ने इंस्टाग्राम पर फरहान, जावेद, हनी ईरानी, जोया अख्तर और शिबानी डांडेकर के साथ फोटो शेयर की है। इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा, 'सालगिराह मुबारक बेटू। जीते रहे, खुश रहो और बहुत सारा प्यार।' ये पोस्ट पर फरहान को सेलिब्रिटी फ्रेंड्स और फैंस ने विश किया है। फरहान अख्तर, जावेद अख्तर और हनी ईरानी के बेटे हैं। जावेद और हनी की शादी 1972 से 1985 तक चली थी। इसके बाद जावेद ने शबाना आजमी से शादी कर ली। जावेद और शबाना के बच्चे नहीं हैं और एक्ट्रेस फरहान और जोया को ही अपने बच्चों की तरह ट्रीट करती हैं। फरहान ने 'दिल चाहता है' फिल्म से डायरेक्शन और करियर की शुरुआत की थी। इसके बाद उनके डायरेक्शन में बनी 'लक्ष्य' फिल्म रिलीज हुई। दोनों ही मूवीज में डायरेक्शन स्टाइल को पसंद किया गया। 2008 में फरहान ने 'रॉक ऑन' ने एक्टिंग करियर की शुरुआत की थी। इस मूवी के सॉन्ग 'रॉक ऑन' को फरहान ने ही गाया है।

# सोमवार को 'डंकी' का बॉक्स ऑफिस पर हुआ हाल बेहाल, खाते में आए बस इतने करोड़

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली ।** शाह रुख खान की फिल्मों ने बीते साल खूब धमाका किया। रोमांस से अलग एक्शन किंग के रूप में शाह रुख को दर्शकों ने काफी पसंद किया और उनकी फिल्मों को देखने के लिए महंगी से महंगी टिकट खरीदने से पीछे नहीं हटे। शाह रुख खान की फिल्म डंकी घरेलू बॉक्स



ऑफिस पर अपना बिजनेस उठाने में सफल नहीं हो रही है। राजकुमार हिरानी के निर्देशन में बनी इस मूवी की शुरुआत डोमेस्टिक बॉक्स ऑफिस पर ठीकठाक हुई थी लेकिन अब जैसे-जैसे दिन बीत रहे हैं शाह रुख खान की फिल्म का कलेक्शन गिर रहा है। मूवी ने 19वें दिन सोमवार को बस इतना बिजनेस किया। साल 2023 का अंत होने के साथ ही शाह रुख खान (एॅप्प् ्ल्व् र्खेह)फिल्म 'डंकी' के साथ फैंस के बीच आए। किंग खान का स्टारडम वर्ल्डवाइड तो काफी काम आया, लेकिन घरेलू बॉक्स ऑफिस पर उनकी फिल्म 'डंकी' का 'डंका' नहीं बज पाया। राजकुमार हिरानी के निर्देशन में बनी इस फिल्म को सिनेमाघरों में रिलीज हुए 19 दिन बीत चुके हैं। हालांकि, इंडियन बॉक्स ऑफिस पर फिल्म की हालत अब खराब हो रही है। घरेलू बॉक्स ऑफिस पर शाह रुख खान-राजकुमार हिरानी की फिल्म का कैसा हाल रहा है, चलिए जानते हैं आंकड़ें- शाह रुख खान की साल 2023 में रिलीज हुई दो फिल्में 'पठान' और 'जवान' ने 50 से 60 करोड़ की इंडिया में ओपनिंग ली, तो वहीं 'डंकी' की 21 दिसंबर 2023 को ओपनिंग ठीकठाक हुई। इस फिल्म ने अपने पहले गुरूवार को 30 करोड़ का बिजनेस किया। हालांकि, बीच में डंकी का कलेक्शन काफी उठा, जिससे फैंस के मन में उम्मीद की किरण जरूर जागी कि ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर एक नया रिकॉर्ड लिख सकती है, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। रविवार को लगभग 4.25 करोड़ का बिजनेस करने वाली मूवी का कलेक्शन वर्किंग डे सोमवार को 19वें दिन काफी गिर गया। सैकनलिक.कॉम की रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस फिल्म ने सिंगल डे यानी कि सोमवार को महज 1.9 करोड़ रुपए ही घरेलू बॉक्स ऑफिस पर कमाए। शाह रुख खान की फिल्म 'डंकी' के साथ प्रभास की फिल्म 'सालार' ने बॉक्स ऑफिस पर टक्कर ली थी, ऐसे में प्रशांत नील की एक्शन फिल्म को भी हिंदी में अच्छी ऑडियंस मिल रही है। शाह रुख खान-तापसी पन्नू और विक्की कौशल स्टारर इस फिल्म ने डोमेस्टिक बॉक्स ऑफिस पर 19 दिनों में लगभग 218.17 करोड़ की नेट कमाई की है, जबकि इस फिल्म का इंडिया में ग्रॉस कलेक्शन 259.9 करोड़ का हुआ है। अगर शाह रुख खान 'डंकी' इस स्पीड से ही घरेलू बॉक्स ऑफिस पर आगे बढ़ती है, तो इस फिल्म के लिए 300 करोड़ भी इंडिया में कमाना काफी मुश्किल होगा।

# बिग बॉस में आते ही अंकिता लोखंडे भिड़ीं 'सास', बोलीं

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली ।** विवादित शो 'बिग बॉस 17' के घर में अंकिता लोखंडे और विक्की जैन के बीच इतनी लड़ाई हुई थी कि एक एपिसोड में दोनों की मांओं को बुलाया गया था, ताकि वे उन्हें समझा सके। मगर इस दौरान विक्की जैन की मां का



अंकिता के प्रति व्यवहार लोगों को खूब खटका था। अब विक्की की मां फैमिली वीक के दौरान बिग बॉस के घर में आईं और एक बार फिर सास-बहू के बीच अनबन देखने को मिली। रियलिटी शो बिग बॉस 17 के फैमिली वीक में अंकिता लोखंडे की मां और सासू मां ने एंट्री की। इस दौरान अंकिता की अपनी सास से अनबन हो गई। शो के एपिसोड में अंकिता ने अपने पति विक्की को लात मारी थी। इस बात से अंकिता के ससुराल वाले इतने नाराज हो गए थे कि उन्होंने एक्ट्रेस की मां को फोन कर दिया था। फैमिली वीक में अंकिता लोखंडे (हर्वूे र्थदर्व्हे) की मां और विक्की जैन (ञम्ब् व्हे) की मां की एंट्री हुई है। अंकिता की मां ने आते ही शो में सबसे पहले अपनी लाडली को गले लगाया और फूट-फूटकर रोने लगीं।

इसके बाद एंट्री विक्की की मां की होती है। शो में आते ही विक्की की मां ने अंकिता की क्लास लगा दी और एक ऐसी बात कह दी, जिससे एक्ट्रेस भड़क गई। अंकिता लोखंडे ने एक एपिसोड में विक्की जैन को लात मारी थी। यह बात एक्ट्रेस के ससुराल वालों को बिल्कुल भी पसंद नहीं आया था। एक एपिसोड में विक्की की मां ने इस पर नाराजगी भी जाहिर थी। अब एक बार फिर उन्होंने इसका जिक्र किया है। विक्की की मां ने खुलासा किया कि जिस दिन अंकिता ने उनके बेटे को लात मारी थी, उसी दिन उनके पिता ने एक्ट्रेस की मां को फोन किया था और कहा था कि क्या वह भी अपने पति को ऐसे ही लात मारती हैं। शो का लेटेस्ट प्रोमो भी सामने आया है। वीडियो में देखा जा सकता है कि बिग बॉस के घर में आते ही विक्की की मां अपनी बहूरानी अंकिता के साथ थेरेपी रूम में चली जाती हैं। थेरेपी रूम में विक्की की मां ने अंकिता से कहा, ठजिस दिन तुमने विक्की को लात मारी थी ना, पापा (विक्की के पापा) ने तुरंत तुम्हारी मां को फोन किया और कहा, 'तुम अपने पति को ऐसे ही लात मारती थी।'सास की यह बातें सुनकर अंकिता भड़क जाती हैं। 'पवित्र रिश्ता' एक्ट्रेस ने कहा, ठमगर मम्मी को फोन करने की क्या जरूरत थी। अभी मेरे पापा की डेथ हुई है मम्मा। आप लोग मम्मी-पापा को मत बोलो प्लीज।

# मंडे को बॉक्स ऑफिस पर अचानक बिगड़ा 'सालार' का खेल, धड़ाम से गिरा कलेक्शन

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली ।** प्रभास के लिए साल 2023 की शुरुआत 'आदिपुरुष' के साथ जहां ढेरों आलोचनाएं लायी, तो वहीं बीते साल के अंत ने 'सालार' के साथ उनके डूबते करियर को सहारा दिया। पिछले काफी समय से अपने रोल्स के साथ एक्सपेरिमेंट करने वाले प्रभास एक बार फिर 'सालार' के साथ एक्शन अवतार में पहुंचे। प्रभास ने सालार के साथ सिनेमाघरों में अपनी



जोरदार वापसी की थी और ये प्रूफ कर दिया था कि वह इतनी जल्दी हार नहीं मानने वाले हैं। वर्ल्डवाइड के बाद अब उनकी फिल्म घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 400 करोड़ के बेहद नजदीक पहुंच चुकी है। सालार की रिलीज के 18वें दिन सोमवार को फिल्म के कलेक्शन में काफी गिरावट देखने को मिली। क्योंकि साउथ के साथ-साथ नॉर्थ में भी प्रभास को चाहने वालों की कोई कमी नहीं है, इसलिए मूवी को तमिल और तेलुगु के साथ होम्बले फिल्म प्रोडक्शन ने हिंदी भाषा में भी रिलीज किया। 'सालार' की शुरुआत तो घरेलू बॉक्स ऑफिस पर काफी अच्छी हुई, लेकिन 'डंकी' की तरह ही इस फिल्म के कलेक्शन में भी मंडे को काफी गिरावट देखने को मिली। प्रभास जहां तेलुगु सिनेमा के बड़े स्टार हैं, तो वहीं दूसरी तरफ पृथ्वीराज सुकुमारन की भी मलयालम सिनेमा में एक अच्छी खासी प्रशंसकों की लिस्ट है। हालांकि, आपको ये जानकर हैरानी जरूर हो सकती है कि 'सालार' तेलुगु और तमिल और मलयालम से अच्छी कमाई हिंदी भाषा में कर रही हैं। 'डंकी' की तरह 'सालार' का भी सोमवार को घरेलू बॉक्स ऑफिस पर बिजनेस काफी गिर गया। इस फिल्म ने रिलीज के 18वें दिन डोमेस्टिक बॉक्स ऑफिस पर जहां 1.29 करोड़ का हिंदी भाषा में कलेक्शन किया, तो वहीं दूसरी तरफ तमिल भाषा में मूवी का कलेक्शन 16 लाख तक हुआ। इसके अलावा तेलुगु में रिलीज के 18वें दिन सोमवार को मूवी ने टोटल 75 लाख की कमाई की और मलयालम में 'सालार' 8 लाख तक का सिंगल डे बिजनेस ि ा ट ा य ा । सैकनलिक.कॉम की रिपोर्ट्स के मुताबिक, सालार ने हिंदी भाषा में जहां 18 दिनों में टोटल 145.44 करोड़ का बिजनेस किया, तो वहीं तमिल में मूवी ने अब तक फिल्म ने महज 18.7 करोड़ तक का ही कलेक्शन किया है। प्रभास और पृथ्वीराज सुकुमारन की फिल्म 'सालार' की तेलुगु भाषा में शुरुआत बहुत ही जोरदार थी, ऐसे में इस फिल्म ने तेलुगु भाषा में अब तक का टोटल कलेक्शन 215.1 करोड़ के आसपास किया है। सालार का घरेलू बॉक्स ऑफिस पर नेट कलेक्शन अब तक 395.45 करोड़ तक पहुंचा है।

# ९०० करोड़ से बस इतने कदम दूर है 'एनिमल', सोमवार को बॉक्स ऑफिस पर कर डाला ये कमाल

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली ।** रणबीर कपूर-बॉबी देओल और रश्मिका मंदाना की फिल्म 'एनिमल' का क्रेज रिलीज



के 39वें दिन बाद भी फैंस के सिर चढ़कर बोल रहा है। संदीप रेड्डी वांगा के निर्देशन में बनी एक्शन से भरपूर फिल्म की सिनेमाघरों में रिलीज को एक महीने से ज्यादा का समय बीत चुका है, लेकिन 'डंकी' और 'सालार' के बीच भी 'एनिमल' ने बॉक्स ऑफिस पर अभी पकड़ मजबूत बनाई हुई है। रणबीर कपूर और रश्मिका मंदाना स्टारर एनिमल की बॉक्स ऑफिस रफ्तार थमने का नाम ही नहीं ले रही है। वर्ल्डवाइड एनिमल जहां 900 करोड़ कमाने से बस इतने कदम की दूरी पर है तो वहीं इंडिया में भी डंकी और सालार के बीच मूवी ने सोमवार को घरेलू बॉक्स ऑफिस पर एक अच्छी कमाई कर डाली है। जहां एक तरफ शाह रुख खान और प्रभास दोनों के फिल्में घरेलू बॉक्स ऑफिस पर सोमवार को अच्छी कमाई के लिए तड़प गयी, तो वहीं 'एनिमल' ने इन दोनों ही फिल्मों के बीच सिंगल डे पर जबरदस्त बिजनेस कर डाला। 'एनिमल' के मेकर्स ने हाल ही में फिल्म के क्रेज को देखते हुए मूवी का टिकट प्राइज 100 रुपए तक कर दिया है, जिसका फायदा सोमवार को निश्चित रूप से रणबीर कपूर-बॉबी देओल की एक्शन से भरपूर इस मूवी को मिला। रिलीज के 38वें दिन 'एनिमल' ने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 2 करोड़ के आसपास सभी भाषाओं में बिजनेस किया था। हालांकि, 'डंकी' और 'सालार' की तरह ही इस फिल्म के कलेक्शन पर भी वर्किंग डे का असर पड़ा, लेकिन इसके बावजूद 39वें दिन के हिसाब से फिल्म ने सिंगल डे के हिसाब डोमेस्टिक बॉक्स ऑफिस पर अच्छी कमाई कर ली। सैकनलिक.कॉम की रिपोर्ट्स के अनुसार, एनिमल ने सोमवार को जहां 32 लाख का बिजनेस किया, तो वहीं तेलुगु भाषा में संदीप रेड्डी वांगा की मूवी ने मंडे को 8 लाख का बिजनेस किया। रणबीर कपूर और बॉबी देओल की फिल्म 'एनिमल' ने घरेलू बॉक्स ऑफिस के साथ-साथ वर्ल्डवाइड भी सफलता के झंडे गाड़े हैं। 'एनिमल' ने वर्ल्डवाइड 39 दिनों में टोटल 899 करोड़ का बिजनेस कर लिया है। वहीं घरेलू बॉक्स ऑफिस पर इस फिल्म नेट कलेक्शन 550.82 करोड़ रुपए तक पहुंचा है। इस फिल्म ने 40 दिन पूरे होने से पहले हिंदी भाषा में 500 करोड़ से ज्यादा की कमाई कर ली है। तमिल भाषा में मूवी का कलेक्शन 4.91 करोड़, तेलुगु भाषा में फिल्म की कमाई टोटल 44.9 करोड़ रुपए तक हुई है।

# सुष्मिता सेन अभिनीत आर्या 3 का दूसरे हिस्से में होगा ड्रामा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली ।** इन दिनों फिल्मों से लेकर वेब सीरीज को दो हिस्सों में रिलीज किया जा रहा है। आर्या 3 का भी दूसरा हिस्सा आना बाकी है। इसके पहले भाग में चार एपिसोड रिलीज हो चुके हैं। आर्या डच ड्रामा शो पेनोजा का आधिकारिक भारतीय अडाप्टेशन है। पेनोजा के पांच सीजन रिलीज हो चुके हैं। ऐसे में आर्या 3 का सीजन पेनोजा के सीजन से कितना मिलता-जुलता या अलग है। आर्या वेब सीरीज को लेकर क्रिएटर राम माधवानी दैनिक जागरण से बातचीत में कहते हैं कि आर्या 3 अभी भी अडाप्टेशन ही हैं लेकिन हमने काफी कुछ इसमें बदला है। कई चीजें ओरिजनल भी हैं। हमारे लेखकों अनु सिंह चौधरी खुशबू (अग्रवाल) के अंदर अभी भी चल रहा था कि किरदार के साथ क्या-क्या करना चाहिए।

# बिग बॉस हाउस में पहुंची अंकिता लोखंड और विक्की जैन की मम्मी, गले लग फूट-फूट कर रोने लगा कपल

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली ।** टीवी के फेमस शो बिग बॉस 17 का जल्द फिनाले होने जा रहा है। घर में अब महज 9 कंटेस्टेंट बचे हैं। ऐसे में बिग बॉस अब घर वालों के लिए एक सरप्राइज लेकर आ रहे हैं। पिछले कई शो में देखा गया है कि फिनाले से पहले बिग बॉस एक-एक घर सभी



कंटेस्टेंट को उनके परिवार वालों से मिलवाते हैं। फिर चाहे उनकी वीडियो कॉल पर बात करवाए या फिर अपने ही घर में बुलाए। बिग बॉस अब घर वालों के लिए एक सरप्राइज लेकर आ रहे हैं । पिछले कई शो में देखा गया है कि फिनाले से पहले बिग बॉस एक-एक घर सभी कंटेस्टेंट को उनके परिवार वालों से मिलवाते हैं । फिर चाहे उनकी वीडियो कॉल पर बात करवाए या फिर अपने ही घर में बुलाए। इस शो में भी अब ऐसा ही होना वाला है। जी हां, फैमिली वीक शुरू होने जा रहा है। हाल ही में एक प्रोमो सामने आया था, जिसमें अंकिता लोखंडे (हर्वूे और विक्की जैन की मम्मी अपने बच्चों से मिलने के लिए बेताब हो रही थी। वहीं अब कुछ तस्वीर सामने आई है, जिसमें देखा जा रहा है कि अंकिता और विक्की की मम्मी बिग बॉस हाउस पहुंची हैं। हर शो की तरह इस सीजन में भी फैमिली वीक टास्क होने जा रहा है। कंटेस्टेंट के घरवालों उनसे मिलने बिग बॉस के घर आ रहे हैं। ऐसे में सबसे पहला मौका अंकिता लोखंडे और विक्की कौशल की मां को मिला है। मां को देख अंकिता और विक्की बेहद खुश नजर आते हैं। इस दौरान विक्की जैन की मां रंजना जैन की एक फोटो वायरल हो रही है, जिसमें वह बिग बॉस के किचन में काम करती नजर आ रही है। फोटो देखकर कयास लगाए जा रहे हैं कि वह अपने बेटे विक्की और बाकी घर वालों के लिए पसंद वाला खाना बना रही हैं। सलमान खान ने वीकेंड के वार में ये कंफर्म किया कि बिग बॉस का फिनाले कब होगा। सलमान ने कहा कि बिग बॉस का फिनाले 28 जनवरी 2024 को होने वाला है। दर्शक बिग बॉस का फिनाले 28 यानी संडे रात 9 बजे कलर्स चैनल पर देख सकते हैं।

# एक बार फिर बीग बॉस कीग बन इस कंटेस्टेंट ने विनर बनने की ओर किया इशारा, फिनाले से पहले दिखाया अपना दम

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली ।** बिग बॉस 17 महीनों के लंबे सफर के बाद अब फिनाले राउंड में पहुंच गया है। हफ्तों की जद्दोजहद के बाद लगभग 9



खिलाडियों अब शो में बचे हुए है। इनमें से कोई एक इस सीजन की ट्रॉफी अपने नाम करेगा। एक कंटेस्टेंट ने विनर बनने की ओर इशारा भी कर दिया है। 17 बिग बॉस 17 के मेकर्स इन दिनों ग्रैंड फिनाले की तैयारी कर रहे हैं। जनवरी के आखिर में शो को अपना विजेता मिलने वाला है। इस बीच मेकर्स ने बीबी मीटर के किंग के नाम का खुलासा किया है। सभी घरवाले बिग बॉस के इस पड़ाव पर आकर पीछे नहीं हटना चाहते हैं। सभी फिनाले में जगह बनाने के लिए जोर-शोर से मेहनत कर रहे है बिग बॉस 17 के सबसे मजबूत कंटेस्टेंट्स की बात करें तो इस लिस्ट में टीवी की बहू अंकिता लोखंडे, अभिषेक कुमार, मुनव्वर फारुकी और विक्की जैन का नाम शामिल ह बिग बॉस 17 में हर हफ्ते बीबी मीटर कंटेस्टेंट्स की पॉपुलैरिटी के अनुसार, उन्हें बीबी किंग या बीबी क्वीन घोषित करता है। बिग बॉस 17 की शुरुआत से सबसे ज्यादा अनुराग डोभाल और मुनव्वर फारुकी इस मीटर में बाजी मारते आए हैं। वहीं, अब अनुराग डोभाल मुकाबले से ही बाहर हो चुके हैं। बिग बॉस 17 ने अब इस हफ्ते के बीबी किंग के नाम का खुलासा किया है। कॉम्पीटीशन में एक बार फिर बाजी मुनव्वर फारुकी ने मारी है। उनकी पॉपुलैरिटी इस बात की ओर साफ इशारा कर रही है कि कॉमेडियन बिग बॉस 17 के विनर बनने की मजबूत दावेदारी रखते हैं और सबको पछाड़कर वो विनर बन भी सकते हैं बिग बॉस 17 के अपडेट की बात करें इस हफ्ते घर के सात सदस्य नॉमिनेटेड हैं।

# आखिरी बार पंजे निकालने आ रही हैं सुष्मिता सेन 'आर्या 3 अंतिम वार' का टीजर हुआ रिलीज

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली ।** सुष्मिता सेन ने साल 2020 में सालों बाद पर्दे पर वेब सीरीज 'आर्या' से की थी। सालों बाद उन्हें पर्दे पर देख फैंस बेहद



खुश हुए थे। इस सीरीज का पहला पार्ट लोगों को बेहद पसंद आया था। सुष्मिता सेन की वेब सीरीज आर्या सीजन 3 का नया टीजर सोमवार यानी 8 जनवरी को रिलीज हुआ है। 20 सेकेंड के इस टीजर में पहले पार्ट और दूसरे पार्ट की कुछ झलक दिखाई दी है। इस सीजन की शुरुआत साल 2020 में हुई थी। जो अब साल 2024 में खत्म होने जा रही है। इसके बाद आर्या का पार्ट 2 भी रिलीज हुआ। वहीं अब एक बार फिर सुष्मिता सेन अपने आर्या वाले अंदाज में नजर आने वाली है। सोमवार को सुष्मिता सेन ने आर्या 3 का टीजर शेयर किया है, जिसका पूरा नाम है 'आर्या अंतिम वार'। सुष्मिता सेन की वेब सीरीज आर्या सीजन 3 का नया टीजर सोमवार यानी 8 जनवरी को रिलीज हुआ है। 20 सेकेंड के इस टीजर में पहले पार्ट और दूसरे पार्ट की कुछ झलक दिखाई दी है।

स्वत्वाधिकारी एवं मुद्रक डा0 दीपक अरोरा द्वारा रामा प्रिन्टर्स 53/25/1 ए बेली रोड न्यू कटरा प्रयागराज (उ.प्र.) 211002 से मुद्रित एवं आधुनिक समाचार पब्लिसिंग सी-41 यूपी एसआईडीसी औद्योगिक क्षेत्र नैनी प्रयागराज। (उ.प्र.) 211010 से प्रकाशित।
सम्पादक/प्रकाशक
डा0 पुनीत अरोरा
मो0न0 09415608710
RNI No. UPHIN/2015/63398
website:www.adhuniksamachar.com

नोटः- इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के अधीन ही होगे।